■ वैशाख कृष्णा - 3 ■ संवत 2082 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 256 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » बुधवार » 16-04-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





4 ऊँटनी का दूध अमृत तुल्य, ऊँटपालकों को मिले इसका उचित मूल्य : बागड़े

6 अराजकता में डूबे बंगाल में नाउमीदी का अंधेरा

7 मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद पंचर हो गई : केशव

## फर्स्ट टेक

### हरियाणा भूमि सौदा मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2008 के हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई और कारोबारी रॉबर्ट वाद्रा के बयान दर्ज किए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी की पूछताछ को ''राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित'' बताते हुए वाद्रा ने कहा कि पहले भी ईडी उनसे (धन शोधन के अन्य मामलों में) घंटों पूछताछ कर चुकी है, हजारों पन्ने साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने आवास से वाद्रा (56) एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी मुख्यालय तक करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे। वह अपने वकील के साथ पूर्वाह्न 11 बजे ईडी कार्यालय में दाखिल हुए, जबकि उनकी सुरक्षा टीम बाहर ही रही।

### यूक्रेन संकट के हल के लिए रूस, अमेरिका के बीच सहमति नहीं बनी

**मॉस्को/भाषा।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि अमेरिकी वार्ताकारों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद भी दोनों पक्ष यूक्रेन संकट के समाधान के प्रमुख पहलुओं पर अब तक सहमति नहीं बना सके हैं। उनका यह बयान यूक्रेन में रूस के रॉकेट एवं ड्रोन हमले बढ़ने के बीच आया है। मंगलवार को कोमर्सेंट समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित एक साक्षात्कार में, लावरोव ने कहा कि रूस, अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने के लिए तैयार है, क्योंकि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्ववर्ती जो बाइडन के रुख के बीच स्पष्ट अंतर देखता है। पिछले शुक्रवार को ट्रंप के करीबी सहयोगी स्टीव विटकॉफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक के लिए सेंट पीटर्सबर्ग गए थे।

### ट्रंपने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले अनुदान पर रोक लगाई

**बोस्टन/एपी।** अमेरिका सरकार ने कहा है कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान और अनुबंधों पर रोक लगा रही है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ जब विश्वविद्यालय ने सोमवार को कहा था कि वह परिसर में आंदोलन संबंधी सक्रियता को सीमित करने की ट्रंप प्रशासन की मांगों का अनुपालन नहीं करेगा। प्रशासन ने शुक्रवार को हार्वर्ड को लिखे पत्र में व्यापक सरकारी और नेतृत्व सुधारों का आह्वान किया, जिसके तहत हार्वर्ड को ''योग्यता-आधारित'' प्रवेश और नियुक्ति नीतियां स्थापित करनी होंगी, साथ ही विविधता संबंधी विचारों पर अध्ययन निकाय, संकाय और नेतृत्व का लेखा-जोखा भी रखना होगा।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 16-04-2025 6:21 बजे | सूर्योदय 17-04-2025 6:55 बजे |
| BSE 76,734.89 (+1,577.63) | NSE 23,328.55 (+500.00) |
| सोना 9,312 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 102,000 रु. प्रति किलो |

## नेशनल हेराल्ड मामला:

# सोनिया, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी ने आरोप-पत्र दाखिल किया

■ सोनिया, राहुल को एजेएल-वाईआई की 5,000 करोड़ रुपए की संपत्ति का मालिक पाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में अपने आरोपपत्र में कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने इसकी मूल कंपनी एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति 'हड़पने' के लिए 'आपराधिक साजिश' रची थी। जांच एजेंसी ने दावा किया कि इसके लिए उन्होंने 99 प्रतिशत शेयर महज 50 लाख रुपये में अपनी निजी कंपनी 'यंग इंडियन' को हस्तांतरित कर दिए, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी बहुलांश शेयरधारक हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दायर अभियोजन शिकायत में संघीय जांच एजेंसी ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को आरोपी नंबर एक और उनके बेटे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आरोपी नंबर दो बनाया है।



नौ अप्रैल को दाखिल ईडी के आरोपपत्र में अन्य आरोपियों में कांग्रेस नेता सुमन दुबे और सैम पित्रोदा, दो कंपनियां यंग इंडियन (वाई आई) और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड और सुनील भंडारी (डोटेक्स मर्चेंडाइज के) शामिल हैं।

ईडी ने पीएमएलए की धारा 44 और 45 के तहत ''धनशोधन के अपराध को अंजाम देने'' के साथ ही धारा 70 (कंपनियों द्वारा अपराध) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी ने पीएमएलए की धारा चार के तहत आरोपियों के लिए सजा की मांग की है। इस धारा के तहत सात साल तक जेल हो सकती है।

अदालत ने मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को तय की है।

सूत्रों ने 'पीटीआई' को बताया कि ईडी ने इस मामले में ''अपराध से अर्जित आय'' की पहचान 988 करोड़ रुपये और संबद्ध संपत्तियों का मौजूदा बाजार मूल्य 5,000 करोड़ रुपये बताया है।

ईडी ने शनिवार को कहा था कि उसने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है, जिन्हें उसने इस जांच के तहत कुर्क किया है।

### आरोपपत्र प्रतिशोध की राजनीति : सिब्बल

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि यह प्रतिशोध की राजनीति और सत्ता का दुरुपयोग है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह भी कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई राजनीति में एक और गिरावट है तथा इस तरह की कार्रवाई बदले की भावना से हो रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इस देश में राजनीति प्रतिशोध की राजनीति, सत्ता के प्रचार की राजनीति, सभी विपक्षी नेताओं पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाने की राजनीति, सभी विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने की कोशिश करने की राजनीतिबन गई है।



## मुर्शिदाबाद हिंसा पर खुफिया रिपोर्ट

# बांग्लादेशी कट्टरपंथी 'स्थानीय नेताओं की मदद से' हिंसा में शामिल

■ बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठन- जमात-उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के सदस्य कथित तौर पर मुर्शिदाबाद हिंसा में शामिल थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरुद्ध आंदोलन के कारण हाल ही में उत्पन्न हिंसा में बांग्लादेशी कट्टरपंथी 'शामिल' थे, जिन्हें कथित तौर पर एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेताओं की मदद मिली थी। सूत्रों ने यह दावा किया है।

सूत्रों ने एक खुफिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों- जमात-उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के सदस्य कथित तौर पर मुर्शिदाबाद हिंसा में शामिल थे। इस हिंसा में तीन लोग मारे गए थे।

सूत्रों ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि हिंसा बांग्लादेशी बदमाशों द्वारा की गई थी, जिन्हें कथित तौर पर एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेताओं की मदद मिली थी।

सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय मुर्शिदाबाद की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है, जहां शांति बहाल करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ न हो सके।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मुर्शिदाबाद जिले में बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के साथ डिजिटल तौर पर बैठक की थी।

केंद्र ने अपनी बातचीत के दौरान राज्य सरकार से अन्य संवेदनशील जिलों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने को कहा।

# लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए काम करें लोक सेवक : मुर्मु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोक सेवकों से ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा है कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास एवं जन कल्याण कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होंगे।

श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा , वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे उनके व्यक्तिगत जीवन में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है। अब और भी अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ, उनके पास अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर है। उनकी सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई साथी नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।



श्रीमती मुर्मु ने अधिकारियों को वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर की यात्रा के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग के स्थानों का दौरा करें और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को सिविल सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। लोक सेवक के कर्तव्य ही उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार ही उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा , उनके असली करियर की कहानी उनके काम से बनेगी,सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से नहीं। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी। उन्होंने कहा कि हर लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सभी सामना कर रहे हैं। अनैतिकता का प्रदूषण और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं।

## मुंबई आतंकी हमला भारत-पाक संबंधों में महत्वपूर्ण मोड़,

# पाकिस्तान गलत हरकतों में संलिप्त : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आणंद (गुजरात)/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले से पाकिस्तान के साथ संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया क्योंकि उस समय भारतीयों ने सामूहिक रूप से महसूस किया कि पड़ोसी देश के इस तरह के व्यवहार को अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

चारोतार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक संवाद सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आए परिवर्तन का जिक्र किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके विपरीत, पाकिस्तान जैसा था, वैसा ही बना हुआ है और वह अब भी ''गलत हरकतों में संलिप्त है।''



यह पूछने पर कि भारत सरकार अब सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान पर शायद ही कभी चर्चा करती है, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि उस (पाकिस्तान) पर 'कीमती समय' बर्बाद करने की कोई आवश्यकता नहीं है।


उन्होंने कहा, भारत बदल गया है। काश! मैं कह पाता कि पाकिस्तान बदल गया है। दुर्भाग्य से, वे कई मायनों में गलत हरकतों में अब भी लिप्त हैं। मैं कहूंगा कि 26 नवंबर का मुंबई आतंकवादी हमला एक महत्वपूर्ण मोड़ था। मुझे लगता है कि उस समय भारतीय जनता और सभी राजनीतिक दलों ने कहा था कि अब अति हो गई।

जयशंकर ने वर्ष 2008 में सत्ता में रही कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए, मुझे लगता है कि समाज में यह भावना बहुत प्रबल थी, लेकिन उस समय सरकार द्वारा इसे पूरी तरह से नहीं समझा गया होगा, जो एक अलग मामला है।

गुजरात से राज्यसभा सदस्य जयशंकर ने कहा, 2014 के बाद जब सरकार बदली तो पाकिस्तान को यह सख्त संदेश दिया गया कि अगर आतंकवादी गतिविधियां जारी रहीं तो इसके परिणाम भुगतने होंगे।

### इस बार मानसून में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना : आईएमडी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम में भारत में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है, जिससे फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। आईएमडी ने कहा कि मानसून के दीर्घकालिक पूर्वानुमान के अनुसार, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर क्षेत्र के बड़े हिस्से में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है, जबकि मराठवाड़ा और उससे सटे तेलंगाना के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''भारत में चार महीने (जून से सितंबर) के मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।



## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कोर्ट बनाम जनमत

हर विवाद का कोर्ट हल करे,
हो संभव बस यही सदा।
कुछ तथ्य सबूत गवाहों से,
यह परंपराएं रही सदा।
किंवदन्ती जनश्रुति के दम पर,
हमने कुछ बातें कही सदा।
जन्मे थे राम कहां पर कब,
जनमत का मत ही सही सदा।।



## सही समय आ गया है और उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल होगा : मुख्यमंत्री उमर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा तथा 'सही समय आ गया है'। अब्दुल्ला, पुलवामा जिले में एक पुल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

अब्दुल्ला ने कहा, हमें लगता है कि सही समय आ गया है, विधानसभा चुनाव के छह महीने बीत चुके हैं। (केंद्रीय गृह मंत्री अमित) शाह यहां आए थे, मैंने उनके साथ एक अलग बैठक की, जो अच्छी रही। मुझे अभी भी उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द ही अपना राज्य का दर्जा वापस मिल जाएगा। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा को बाधित करने के विपक्ष के आरोप पर कहा कि स्थगन प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जा सकता था क्योंकि विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा, अध्यक्ष (विधानसभा) ने आखिरी दिन सबकुछ स्पष्ट कर दिया था। शायद सदस्यों की गलतफहमी थी कि वे स्थगन प्रस्ताव लेकर आए। स्थगन प्रस्ताव केवल जम्मू-कश्मीर सरकार के कामों पर चर्चा के लिए लाया जाता है, क्योंकि सरकार को जवाब देना होता है। उन्होंने कहा, मुझे बताइए कि अगर स्थगन प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता, तो हम कैसे जवाब देते, क्योंकि वक्फ विधेयक हम नहीं लाये थे। इसे केंद्र ने संसद में पारित किया था।

अब्दुल्ला ने कहा कि विधानसभा में अलग नियमों के तहत प्रस्ताव को स्वीकार किया जा सकता था। उन्होंने कहा, हालांकि, अब वह समय बीत चुका है। नेशनल कॉन्फ्रेंस सहित कई पार्टियां उच्चतम न्यायालय का रुख कर चुकी हैं और अपने विचार शीर्ष अदालत के समक्ष रखे हैं। अब हम देखेंगे कि न्यायालय क्या कहता है।

## तिरुमला बोर्ड के सदस्य ने गायों की मौत के मामले में पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**तिरुपति/भाषा।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के सदस्य जी भानु प्रकाश रेड्डी ने गायों की मौत के संबंध में अपने आरोपों से मंदिर प्रबंधन को कथित रूप से ''बदनाम'' करने के लिए पूर्व अध्यक्ष बी करुणाकर रेड्डी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, करुणाकर ने गायों की मौत की गहन जांच की मांग करते हुए कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं, क्योंकि उन्होंने ''कुछ भी गलत नहीं'' किया।

करुणाकर ने 11 अप्रैल को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि टीटीडी गोशाला में बड़ी संख्या में गायें मर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले तीन महीनों में ''लापरवाही'' के कारण 100 गायों की मौत हुई है। भानु प्रकाश ने शिकायत में कहा, ''काल्पनिक आधार पर लगाए गए बेबुनियाद आरोप निश्चित रूप से मानहानि के बराबर हैं और वे आम जनता की नजर में मंदिर और उसके प्रशासन की प्रतिष्ठा को कम करते हैं। शिकायत को मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' के साथ साझा किया गया। शिकायत में करुणाकर के दावों का खंडन किया गया है। भानु प्रकाश ने कहा कि ये आरोप समाचारपत्रों और सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिससे ''श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं और उनकी आस्था को चोट पहुंची है।'' इसके मद्देनजर, भानु प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से पूर्व टीटीडी अध्यक्ष और ऐसे दावे करने वाले अन्य लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस बीच, करुणाकर ने गायों की मौतों की गहन जांच की मांग दोहराते हुए कहा है कि वह अपने बयान पर कायम हैं।

उन्होंने कहा, ''मैं किसी भी धमकी से नहीं डरूंगा, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया।'' युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की प्रेस विज्ञप्ति में करुणाकर रेड्डी ने कहा, ''टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) श्यामला राव ने कहा कि 43 गायें मरी हैं, जबकि अध्यक्ष बी आर नायडू ने दावा किया कि यह संख्या 22 है। दोनों आंकड़े मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के इस दावे का खंडन करते हैं कि गोशाला में कोई मौत नहीं हुई।''

## फीस वृद्धि : रेखा गुप्ता ने स्कूलों को नोटिस जारी करने की बात कही, कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि उन विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है जिनके विरुद्ध मनमाने ढंग से फीस वृद्धि की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा में पारदर्शिता एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के प्रति कटिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि इन विद्यालयों से जवाब मांगा गया है, जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा ''किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को अनुचित तरीके से निकालने का अधिकार नहीं है।'' यहां एक 'जन संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री को मॉडल टाउन के एक निजी विद्यालय के बारे में शिकायत मिली कि वह कथित तौर पर फीस बढ़ा रहा है और विद्यार्थियों को निष्कासित कर रहा है। गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को साझा करते हुए कहा, ''आज मॉडल टाउन स्थित क्वीन मैरी स्कूल से जुड़ा मामला सामने आया, जहां अभिभावकों ने अनुचित फीस वसूली और विद्यार्थियों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत की।'' मुख्यमंत्री ने एक अधिकारी से बात की और उन्हें मॉडल टाऊन के क्वीन मैरी स्कूल का पंजीकरण तत्काल रद्द करने का निर्देश दिया।

इस स्कूल की ओर से इस पूरे प्रकरण पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। इस विद्यालय की एक छात्रा के माता-पिता ने आरोप लगाया कि विद्यालय ने पिछले साल अपनी फीस अचानक बढ़ा दी। उन्होंने कहा, जब हमने अतिरिक्त राशि देने से इनकार कर दिया, तो स्कूल ने मेरी बेटी को पुस्तकालय में बिठा दिया और उसे किसी भी कक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और अधिकारियों को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा, ''किसी भी विद्यालय को फीस के लिए अभिभावकों को परेशान करने या विद्यार्थियों को गलत तरीके से निकालने का अधिकार नहीं है।'' उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों से निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है और किसी भी उल्लंघन के परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी।

## चीन पर अमेरिकी शुल्क भारतीय उपकरण उद्योग के लिए एक अवसरः नीति रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा है कि चीन पर अमेरिकी शुल्क और बढ़ती लागत भारत के लिए वैश्विक उपकरण निर्यात बाजार में अपनी भूमिका को बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। रिपोर्ट में साथ ही स्थानीय उपकरण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक स्तर के संकुल बनाने और लागत को कम करने के लिए जरूरी सहायता प्रदान करने जैसे उपाय सुझाए गए हैं। नीति आयोग ने 'भारत के हाथ और बिजली से चलने वाले उपकरण क्षेत्र: 25 अरब डॉलर से अधिक निर्यात अवसर' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा कि इस उद्योग में निर्यात की काफी संभावनाएं हैं, लेकिन बुनियादी ढांचे, उच्च विनिर्माण लागत और बड़े स्तर की विनिर्माण सुविधाओं की कमी से बाधा उत्पन्न होती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसके पास अपने हाथ और बिजली उपकरण उद्योग को वैश्विक निर्यात महाशक्ति में बदलने का एक उल्लेखनीय अवसर है। इस क्षेत्र में 2035 तक 25 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात की क्षमता है।

## मौजूदा समय में बफर पूंजी के उपयोग की जरूरत नहीं : आरबीआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को 'काउंटरसाइक्लिकल' यानी सुस्ती की स्थिति से निपटने के लिए तैयार बफर पूंजी (सीसीवाईबी) का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि मौजूदा परिस्थिति में इसकी जरूरत नहीं है।

आरबीआई ने सीसीवाईबी की रूपरेखा को फरवरी, 2015 में दिशानिर्देशों के रूप में पेश किया था। इसमें यह सलाह दी गई थी कि परिस्थितियों के अनुरूप सीसीवाईबी को लागू किया जाएगा और इसके बारे में पहले से घोषणा की जाएगी। रूपरेखा में मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-जीडीपी अंतर की परिकल्पना की गई है। इसका उपयोग अन्य पूरक संकेतकों के साथ किया जा सकता है। आरबीआई ने बयान में कहा, ''सीसीवाईबी संकेतकों की समीक्षा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि इस समय इसको लागू करना जरूरी नहीं है।'' इसे पेश 2015 में किया गया, लेकिन आरबीआई ने अबतक इसका उपयोग नहीं किया है। आरबीआई के अनुसार, सीसीवाईबी व्यवस्था के दो उद्देश्य हैं। सबसे पहले, इसके लिए बैंकों को अच्छे समय में पूंजी बफर बनाने की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग कठिन समय में ऋण के प्रवाह को बनाए रखने के लिए किया जा सकता है।

दूसरा, यह बैंक क्षेत्र को अत्यधिक ऋण वृद्धि की अवधि में अंधाधुंध कर्ज देने से रोकने के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार है।

वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के प्रमुखों और पर्यवेक्षण प्रमुखों के समूह (जीएचओएस) ने प्रतिचक्रीय पूंजी उपायों पर एक रूपरेखा की शुरुआत की परिकल्पना की थी। जीएचओएस बासेल समिति के निर्धारित मानकों की निगरानी करने वाली इकाई है।

## देश में प्रति दस लाख जनसंख्या पर केवल 15 न्यायाधीशः 2025 'इंडिया जस्टिस' रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। मंगलवार को जारी 'इंडिया जस्टिस सिस्टम रिपोर्ट' 2025 में यह जानकारी सामने आई है।

'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट' के मुताबिक, 1.4 अरब लोगों के लिए भारत में 21,285 न्यायाधीश हैं या प्रति दस लाख की आबादी पर लगभग 15 न्यायाधीश हैं। यह 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से काफी कम है। इस रिपोर्ट में देश में न्याय प्रदान करने के मामले में राज्यों की स्थिति की जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं।

रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दर्शाता है। रिपोर्ट में बताया गया, राष्ट्रीय स्तर पर जिला न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले है। इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिला न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों की कुल हिस्सेदारी 2017 में 30 प्रतिशत से बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गई है और 2025 में उच्च न्यायालयों में यह 11.4 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई है।

### 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ मामला

## अवैध कैथ लैब चलाने के आरोप में नौ लोगों पर मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दमोह (मप्र)/भाषा।** मध्यप्रदेश के दमोह में एक अस्पताल में कथित तौर पर अवैध 'कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला' या कैथ लैब चलाने के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यहां 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम ने मरीजों के ऑपरेशन किए, जिनमें से सात की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह अधिकारियों ने मिशनरी अस्पताल दमोह की कैथ लैब को सील कर दिया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संदीप मिश्रा ने कहा, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ऑनलाइन माध्यम से कैथ लैब का पंजीकरण कराने के लिए मिशन अस्पताल के निदेशक और प्रबंध समिति सहित नौ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल ने जबलपुर स्थित डॉ. अखिलेश दुबे के फर्जी हस्ताक्षर करके कैथ लैब के लिए पंजीकरण प्राप्त किया था।

मिश्रा ने बताया कि कैथ लैब में एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया के बाद इस अस्पताल में कुछ मरीजों की मौत हो गई थी। कुछ मरीजों की मौत का कारण भी यही था। उन्होंने बताया कि नौ आरोपियों की पहचान आशिम न्यूटन, फ्रैंक हैरिसन, इंदु लाल, जीवन मैसी, रोशन प्रसाद, कादिर यूसुफ, अजय लाल, संजीव लैम्बार्ड और विजय लैम्बार्ड के रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजय लाल मिशन अस्पताल के निदेशक हैं। दमोह के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और मध्यप्रदेश उपचारगृह तथा रुजोपचार संबंध स्थापना (पंजीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मिशनरी अस्पताल में सात मरीजों की मौत की जांच शुरु होने के बाद पुलिस ने आठ अप्रैल को प्रयागराज से डॉ. नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम को कथित जालसाजी और अन्य अपराधों के लिए गिरफ्तार किया था। छह अप्रैल को, यहां पुलिस ने दमोह के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन की शिकायत पर यादव के खिलाफ फर्जी मेडिकल डिग्री रखने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। मिशनरी अस्पताल में यादव उर्फ कैम द्वारा कथित तौर पर इलाज किए गए सात मरीजों की मौत की शिकायत मिलने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम ने भी जांच की थी।

## अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए भारत बेहतर स्थिति मेंः पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा है कि अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए भारत बेहतर स्थिति में है। उन्होंने मंगलवार को कहा, ''इसकी मुख्य वजह यह है कि भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत काफी तेजी से आगे बढ़ रही है और समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना बन रही है।''

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर जवाबी शुल्क की घोषणा की है। हालांकि, चीन के अलावा बाकी देशों पर इसे तीन महीने के लिए टाल दिया गया है। अभी केवल चीन पर 145 प्रतिशत का शुल्क लागू है। हालांकि, अमेरिका को निर्यात पर 10 प्रतिशत का मूल शुल्क जारी रहेगा। अन्य जवाबी शुल्क अब नौ जुलाई से लागू होंगे। घरेलू उद्योग पर इन शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा कि यह बताना मुश्किल है कि इसका क्या प्रभाव होगा, लेकिन भारत की स्थिति इस मामले में काफी बेहतर होगी। उन्होंने कहा, '' यह कहना मुश्किल है कि इसमें क्या बदलाव आएगा, लेकिन मेरा अपना मानना है कि अंत में भारत की स्थिति काफी बेहतर होगी। हम कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर की संभावना देख रहे हैं, जिनकी उद्योग जगत काफी समय से प्रतीक्षा कर रहा है।

## ईडी ने सहारा समूह के धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला में 'एंबी वैली' को कुर्क किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने सहारा समूह के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के लोनावाला में 707 एकड़ भूमि में फैली 'एंबी वैली सिटी' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 1,460 करोड़ रुपए है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि यह भूमि सहारा समूह की संस्थाओं से प्राप्त धनराशि से ''बेनामी'' नामों से खरीदी गई थी। एजेंसी ने कहा कि सहारा इंडिया और उसकी समूह संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला (पुणे जिला) स्थित 'एंबी वैली सिटी' और उसके आसपास की कुल 707 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया गया है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1460 करोड़ रुपए है।

## विशिष्ट शिक्षण संस्थानों में भी संकट पैदा कर रहे हैं बेरोजगारी और वेतन स्थिरताः कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्यागिकी संस्थानों (एनआईटी) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईआईटी) में 'प्लेसमेंट' में गिरावट के दावे वाली एक खबर को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि बेरोजगारी तथा वेतन स्थिरता केवल अनौपचारिक क्षेत्र और ग्रामीण आबादी को प्रभावित नहीं कर रहे हैं, बल्कि विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों में भी संकट पैदा कर रहे हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने उच्च शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों पर अपनी 364वीं रिपोर्ट में भारत के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एनआईटी और आईआईआईटी में प्लेसमेंट में आई चिंताजनक गिरावट को दर्ज किया है रमेश ने एक बयान जारी कर कहा, ''आज एक प्रमुख अख़बार ने और आईआईटी में प्लेसमेंट के चिंताजनक रुझानों पर और भी विस्तार से एक खबर प्रकाशित की है।''

कांग्रेस नेता ने इस खबर का हवाला देते हुए दावा किया कि वर्ष 2021-22 से 2023-24 के बीच, भारत के 23 में से 22 आईआईटी में प्लेसमेंट में गिरावट दर्ज की गई तथा इनमें से 15 आईआईटी में प्लेसमेंट में गिरावट 10 प्रतिशत से अधिक थी। रमेश का कहना है, ''साल 2021-22 में प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुए आईआईटी के 90.43 प्रतिशत बीटेक छात्रों को नौकरी मिल गई थी, जबकि 2023-24 में केवल 80.25 प्रतिशत छात्रों को ही नौकरी मिली। 2023-24 में, 25 में से 23 आईआईआईटी में प्लेसमेंट की दर 2021-22 की तुलना में घटी। इनमें से 16 संस्थानों में प्लेसमेंट में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई।'' उन्होंने दावा किया कि 2022-23 और 2023-24 के बीच, 31 एनआईटी में से 27 एनआईटी में इंजीनियरिंग स्नातकों को दिए गए औसत वेतन पैकेज में गिरावट दर्ज की गई तथा इनमें से तीन संस्थानों में औसत पैकेज में तीन लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक की गिरावट देखी गई। रमेश ने कहा, ''आईआईटी देश के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जहां सबसे प्रतिस्पर्धी प्रवेश प्रक्रिया होती है, जो देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और छात्र आकर्षित करती है। इंजीनियरिंग को वैसे भी सबसे अधिक नौकरी-योग्य डिग्रियों में से एक माना जाता है। अगर आईआईटी जैसे संस्थानों से हर पांच में से एक इंजीनियर नौकरी पाने में असमर्थ है, तो इससे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि देश के बाकी पढ़े-लिखे युवाओं की बड़ी आबादी को रोजगार कैसे मिलेगा।'' उन्होंने दावा किया कि एनआईटी और आईआईआईटी जैसे संस्थानों में भी प्लेसमेंट में गिरावट देखी जा रही है, जो देश में बड़े पैमाने पर नौकरी के बाजार में ठहराव की ओर इशारा करता है। रमेश ने कहा, ''कांग्रेस कई वर्षों से बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और वेतन स्थिरता के मुद्दे उठाती आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्लेसमेंट डेटा यह साबित करता है कि यह संकट केवल अनौपचारिक क्षेत्र और ग्रामीण आबादी को प्रभावित नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमारे सबसे विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों में भी संकट पैदा कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्थिरता के लिए बड़े जोखिम पैदा कर सकते हैं साइबर हमले : कांत



**नई दिल्ली/भाषा।** देश के स्मार्ट मीटर और डिजिटल ग्रिड की ओर बढ़ने के साथ ही साइबर हमले राष्ट्रीय स्थिरता और रोजमर्रा की जिंदगी के लिए बड़े जोखिम पैदा कर सकते हैं। भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2024 में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्रों में साइबर हमलों में भारी उछाल देखा गया और भारत में डेटा या किसी के ब्योरे में सेंध की औसत लागत लगभग 28 लाख अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारतीय व्यवसायों को प्रति सप्ताह 3,000 से अधिक साइबर हमलों का सामना करना पड़ा।

कांत ने राष्ट्रीय राजधानी में साइबर सुरक्षा समाधान कंपनी लिसिएंथस टेक के एक अध्ययन को जारी करते हुए कहा कि भारत ने सरकार प्रायोजित साइबर हमलों में बहुत तेज उछाल देखा है और 2021-24 के बीच ऐसी घटनाओं में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा कि जैसे-जैसे भारत स्मार्ट मीटर और अधिक डिजिटल पावर ग्रिड की ओर बढ़ रहा है, साइबर हमलों का जोखिम भी गहराता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''हाल के वर्षों में, हमने बिजली इकाइयों, स्वास्थ्य सेवा आंकड़ों और उपग्रह संचार प्रणालियों पर भी हमले देखे हैं।''

## सोनिया, राहुल के खिलाफ मामले में कोई तथ्य नहीं, सिर्फ राजनीतिक प्रतिशोध है : सिंघवी



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ जिस 'नेशनल हेराल्ड' मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया है वो फर्जी है और उसमें कोई तथ्य नहीं है। सिंघवी ने यह आरोप भी लगाया कि यह सब राजनीतिक प्रतिशोध की भावना के तहत किया गया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने एक वीडियो जारी करके कहा, ''नेशनल हेराल्ड मामले में जो प्रक्रियाएं हो रही हैं वो कुछ भी नई नहीं है क्योंकि जब यह मामला शुरू हुआ तो मैंने कहा था कि यह बड़ा ही विचित्र मामला है, जिसमें एक रुपए की लेनदेन नहीं है।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक गैर-लाभकारी कंपनी बनाई गई जिसमें सोनिया गांधी और कुछ अन्य लोग निदेशक बनाए गए तथा यह सिर्फ 'नेशनल हेराल्ड' की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए था। सिंघवी ने कहा, ''एक मनगढ़ंत और झूठा मामला दर्ज किया गया और अब आरोप पत्र दायर किया गया है। इसका कानूनी रूप से सामना किया जा रहा है।'' उन्होंने दावा किया कि यह एक फर्जी मामला है और इसमें कोई तथ्य नहीं है। राज्यसभा सदस्य सिंघवी ने कहा, ''यह सब राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से किया जा रहा है।''

## फियो का सरकार से निर्यात की गति बनाये रखने को रणनीतिक समर्थन देने का आग्रह

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने मंगलवार को सरकार से निर्यात की गति बनाये रखने के लिए समर्थन उपायों को बढ़ाने का आग्रह किया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में मामूली 0.08 प्रतिशत बढ़कर 437.42 अरब डॉलर रहा। इस साल मार्च महीने में यह मामूली 0.7 प्रतिशत बढ़कर 41.97 अरब डॉलर रहा।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने निर्यात की गति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक समर्थन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने, उत्पादों और बाजारों में विविधता लाने और लॉजिस्टिक तथा बुनियादी ढांचे की खामियों को दूर करने के लिए उपाय किये जाने की जरूरत है।

रल्हन ने नियामकीय बोझ को कम करने और सस्ता कर्ज सुलभ कराने भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार और उद्योग के साथ मिलकर काम करने को लेकर फियो प्रतिबद्ध है।

## दिग्विजय सिंह ने रामदेव के 'शरबत जेहाद' वाले बयान के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने योग गुरु बाबा रामदेव के शरबत 'जेहाद' वाले बयान को देश में धार्मिक सद्भाव के माहौल को बिगाड़ने का 'कुत्सित प्रयास' करार देते हुए मंगलवार को यहां स्थानीय थाने में एक शिकायत दर्ज कराई और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रामदेव का यह बयान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला एवं वैमनस्यपूर्ण एवं धार्मिक भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। ज्ञात हो कि रामदेव का एक वीडियो पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें वह पतंजलि के शरबत का प्रचार करने के दौरान यह कहते हुए देखे और सुने जा सकते हैं कि शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत तो देती है लेकिन शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। रामदेव ने कहा, ''अगर आप वो शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे और पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। इसलिए मैं कहता हूं ये 'शरबत जेहाद' है। जैसे 'लव जेहाद', 'वोट जेहाद' चल रहा है वैसे ही 'शरबत जेहाद' भी चल रहा है।'' राज्यसभा सदस्य सिंह ने कहा कि रामदेव ने अपने 'गुलाब' शरबत को बेचने के लिए 'रूह अफजा' शरबत को हिंदू-मुस्लिम विवाद में डाल दिया और मोहब्बत के शरबत को 'शरबत जेहाद' का नाम दे दिया। उन्होंने कहा, ''हमारा संविधान ऐसे नफरत भरे बयान देने की खिलाफत करता है जो आपस में बैर भाव उत्पन्न करें और देश का सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास करें।'' उन्होंने कहा, ''रामदेव का यह बयान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला, वैमनस्यपूर्ण एवं धार्मिक भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है तथा भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 196 (1) (क), 299 एवं आईटी कानून की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।'' सिंह ने कहा कि 'व्यापारी' रामदेव ने बिना नाम लिये जिस शरबत कंपनी का जिक्र किया है उस 'हमदर्द' कंपनी को पूरा देश जानता है और यह हमारे देश में लगभग 100 वर्षों से आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाओं का व्यापार कर रही है।

मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई में मुख्यमंत्री के प्रधान कार्यालय में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात करते हुए एन. सुरेशराजन, सदस्य केएम, मधुबाला, एम. कार्सन, के. करुणानिधि, अस पेरियांदावर, डी. श्रीनिवासन, खाद्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री, ए चक्रपानी, सहकारी खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव सत्यप्रथा, आभा आदि।

स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में मंगलवारको सीएम प्रधान कार्यालय में तौहीद जमात ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ए मुहम्मद सिद्दीकी, उपाध्यक्ष आई मुहम्मद मुनीर, महासचिव ए मुहम्मद शिबली, उप महासचिव तकवा एम बोइटिन कोषाध्यक्ष राय बर्डव्स ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। और उन्हें केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक को पूरी तरह से वापस लेने का आग्रह किया और तमिलनाडु विधानमंडल में एक अलग प्रस्ताव पारित करने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। इस मौके पर हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती मंत्री शेखरबाबू भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्य की स्वायत्तता पर उच्च स्तरीय समिति की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को राज्य की स्वायत्तता पर उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की घोषणा के साथ ही आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा राज्यों के अधिकारों को धीरे-धीरे छीना जा रहा है। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने इस घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री की आलोचना की और पूछा कि उनकी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) इतने सालों तक क्या कर रही थी। अन्नाद्रमुक ने आरोप लगाया कि इस कदम का उद्देश्य राज्य सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाना है।

केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार पर हमला करते हुए स्टालिन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति राज्य की स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच संबंधों की विस्तार से जांच करेगी। यह समिति जनवरी 2026 में अपनी अंतरिम रिपोर्ट पेश करेगी। सिफारिशों के साथ अंतिम रिपोर्ट दो साल में पेश की जाएगी। समिति में पूर्व नौकरशाह अशोक वर्धन शेट्टी और राज्य योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम नागनाथन सदस्य होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिति कानून के अनुसार, उन विषयों को स्थानांतरित करने के लिए अध्ययन करेगी जो पहले राज्य सूची में थे लेकिन समवर्ती सूची में शामिल कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) राज्यों के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। स्टालिन ने तमिलनाडु विधानसभा में कहा, हम केवल तमिलनाडु के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सत्ता और धन के हस्तांतरण पर जोर नहीं दे रहे हैं, बल्कि गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर भागों और कश्मीर से लेकर केरल तक फैले देश के विशाल क्षेत्र के लोगों के हितों को ध्यान में रख रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्य की स्वायत्तता पर चर्चा में तमिलनाडु की आवाज सबसे पहले उठेगी।



चेन्नई में 15 अप्रैल को तमिलनाडु विधान सभा में नियम संख्या 110 के तहत मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घोषणा की कि राज्यों के उचित अधिकारों की रक्षा और केंद्र और राज्य सरकारों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

स्टालिन ने कहा कि उक्त समिति के गठन के फैसले का उद्देश्य उन सभी भारतीय राज्यों के अधिकारों की रक्षा करना है जो विविधता में एकता के आधार पर काम करते हैं। उन्होंने कहा, जब 'एरु तझुवुथल (जल्लीकट्टू के समान)' जैसी सांस्कृतिक पहचान को नष्ट करने का प्रयास किया गया तो दुनिया भर के तमिलों ने अपना विरोध जताया। हमारा अनुरोध है कि मणिपुर और नागालैंड जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के सांस्कृतिक लोकाचार को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह सच है कि जहां हम अपनी मातृभाषा तमिल की रक्षा के लिए सभी कदम उठा रहे हैं, लेकिन वहीं हम भारत के अन्य भागों में भाषाओं के अपने मूल स्वरूप को खोने के बारे में भी उतने ही चिंतित हैं। विधानसभा में भाजपा के चार विधायकों ने राज्य की स्वायत्तता को बढ़ावा देने वाले किसी भी कदम का विरोध किया और सदन से बहिर्गमन कर दिया। विपक्षी अन्नाद्रमुक ने भी विधानसभा से बहिर्गमन किया।

अन्नाद्रमुक ने पूछा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के साथ सत्ता साझा करने वाली द्रमुक ने इतने सालों में इस मामले पर क्या किया है। अन्नाद्रमुक के विपक्ष के उपनेता आर बी उदयकुमार ने विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा, यह केवल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए है। आधी सदी पहले स्टालिन के पिता एम करुणानिधि ने भी इसी तरह की दलील दी थी। द्रमुक ने राज्य की स्वायत्तता पर बहुत कम काम किया है। यह 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले द्रमुक की एकमात्र, ध्यान भटकाने वाली रणनीति है।

# टीटीवी, पनीरसेल्वम को सीट देने पर भाजपा, अन्नाद्रमुक मिलकर विचार करेंगी : नैनार नागेंद्रन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कहा है कि 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए टीटीवी दिनाकरन के नेतृत्व वाली अम्मा मक्कलमुनेत्र कषगम (एएमएमके) और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम (ओपीएस) को सीट बंटवारे के सवाल पर अन्नाद्रमुक और उनकी पार्टी का नेतृत्व मिलकर विचार करेगा।



नागेंद्रन से जब पूछा गया कि भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के तौर पर 12 अप्रैल को पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी टिप्पणी में कहा था कि वह सिर्फ हवा के झोंके की तरह हैं, जबकि के. अन्नामलाई तूफान की तरह काम करते हैं और इस पृष्ठभूमि में उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) से मुकाबला करने की किस प्रकार योजना बनाई है, नागेंद्रन ने कहा कि जिन मुद्दों पर चर्चा या बहस की आवश्यकता है, उन्हें उठाया जाना चाहिए और इसमें कोई संदेह नहीं है।

नवनिर्वाचित भाजपा नेता ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उन्होंने हमेशा विधानसभा में भी उठाया है और वह ऐसा करना जारी रखेंगे। 64 वर्षीय नागेंद्रन 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में दक्षिणी तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। सदन में उनकी मृदुभाषी वक्ता की छवि और साथ ही इस बारे में पूछे जाने पर कि अपनी पार्टी के एजेंडे को वह कैसे आगे बढ़ाएंगे, खासकर जब उनके पूर्ववर्ती अन्नामलाई अपनी मुखर शैली के लिए लोकप्रिय रहे हैं, नागेंद्रन ने कहा कि वह विधानसभा में भाजपा की नीतियों को स्पष्ट करने में कभी विफल नहीं हुए हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि पार्टी के लक्ष्यों को जोर-शोर से उठाते समय उनकी 'नरम छवि'' कभी कोई मुद्दा नहीं रही। उन्होंने यह भी कहा कि अन्नामलाई ने राज्य में पार्टी को अच्छी तरह से विकसित किया है और उनकी अनूठी कार्यशैली सराहनीय है। यह पूछे जाने पर कि क्या 'ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (अन्नाद्रमुक) द्वारा उनकी पार्टी को आवंटित सीट में से दिनाकरन (टीटीवी) के नेतृत्व वाली एएमएमके और पनीरसेल्वम को सीट आवंटित करने के लिए भाजपा आगे आएगी, नागेंद्रन ने पीटीआई-भाषा' से कहा, अभी (अन्नाद्रमुक के साथ) तो सिर्फ गठबंधन बना है। उन्होंने कहा, सीट बंटवारे पर फैसला हमारा संसदीय बोर्ड और आलाकमान करेगा। अन्नाद्रमुक भी इस संबंध में एक समिति गठित कर सकती है और हमारा संसदीय बोर्ड इस पर विचार-विमर्श करेगा।

एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक 11 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस आ गई, जिन्होंने घोषणा की थी कि गठबंधन पलानीस्वामी के नेतृत्व में 2026 का राज्य विधानसभा चुनाव लड़ेगा। नागेंद्रन के पूर्ववर्ती के. अन्नामलाई ने अन्नाद्रमुक के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में फिर से शामिल होने से कुछ समय पहले कहा था कि दिनाकरन जैसे सहयोगियों को ''निराश'' नहीं किया जा सकता जो पार्टी के पीछे मजबूती से खड़े हैं। अन्नामलाई के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर नागेंद्रन ने कहा, निश्चित रूप से उन्होंने जो कहा वह सही है। जो पहले से ही राजग का हिस्सा हैं, वे गठबंधन का हिस्सा बने रहेंगे।

पलानीस्वामी ने जब यह संकेत दिया था कि वह द्रमुक को हटाने के लिए भाजपा से जुड़ने के खिलाफ नहीं हैं, तब अन्नामलाई ने किसी का नाम लिए बिना कहा था कि राजग में चाहे कोई भी शामिल हो, दिनाकरन जैसे समर्पित सहयोगियों को ''निराश'' नहीं किया जा सकता। दिनाकरन और ओपीएस ने राजग के घटक के रूप में 2024 का आम चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे थे। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा अपने हिस्से से ऐसे सहयोगियों के साथ सीट साझा करके उन्हें समायोजित करेगी, नागेंद्रन ने अन्नामलाई की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे सहयोगी भाजपा के साथ हैं और हमारा राजग (भाजपा पदाधिकारियों का जिक्र करते हुए) नेतृत्व और अन्नाद्रमुक नेतृत्व मिलकर इस मामले पर फैसला करेंगे।'' दिनाकरन और पनीरसेल्वम (ओपीएस) दोनों को पहले भी अलग-अलग मौकों पर अन्नाद्रमुक से निष्कासित किया जा चुका है और पार्टी के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने बार-बार जोर देकर कहा है कि वी. के. शशिकला के अलावा इन दोनों नेताओं को भी फिर से शामिल नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शाह ने तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा के समय कहा था कि उनकी पार्टी अन्नाद्रमुक के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी। अन्नाद्रमुक के निष्कासित नेताओं ओपीएस और टीटीवी के साथ एकीकरण के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा था कि यह अन्नाद्रमुक का अंदरूनी मामला है। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा ''थोलवी कूटनी'' यानी असफल होने वाला गठबंधन बताकर खारिज किए जाने पर नागेंद्रन ने कहा, ''मैं यही कहूंगा, केवल वे (द्रमुक के नेतृत्व वाला गुट) ही चुनाव हारेंगे।''

अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी द्वारा यह कहे जाने पर कि अगले साल चुनावी मुकाबला द्रमुक और टीवीके के बीच होगा, भाजपा नेता ने अपनी पार्टी और अन्नाद्रमुक की ताकत पर भरोसा जताते हुए कहा कि तमिलनाडु में केवल राजग ही जीतेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह प्रदेश इकाई के प्रमुख के रूप में विजय की पार्टी को राजग में शामिल करने के लिए कदम उठाएंगे, उन्होंने कहा कि (इस बारे में) उन्हें फैसला करना है। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक के जुड़ने के साथ अभी केवल गठबंधन किया गया है और विजय के तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) जैसे दलों को लाने पर उचित समय पर विचार किया जाएगा। अन्नामलाई द्वारा दिवंगत अन्नाद्रमुक प्रमुख जे. जयललिता और द्रविड़ नेता सीएन अन्नादुरई के खिलाफ पूर्व में कथित तौर पर की गई कुछ टिप्पणियों के कारण अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं के बीच नाराजगी के बारे में पूछे जाने पर नागेंद्रन ने दावा किया कि उनके पूर्ववर्ती के भाषण को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया था। नागेंद्रन ने कहा, इसका उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था।

किसी भी कड़वाहट की गुंजाइश को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों दलों के कार्यकर्ता पहले ही हाथ मिला चुके थे और बाद में भाजपा एवं अन्नाद्रमुक के नेताओं ने हाथ मिलाया। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में जोर देकर कहा कि राजग का लक्ष्य तमिलनाडु में सत्ता हासिल करना और जनविरोधी द्रमुक के शासन को ''हटाना'' है और बाकी सबकुछ बाद में किया जा सकता है। नागेंद्रन 2001 से 2006 तक अन्नाद्रमुक शासन के दौरान मंत्री थे और उन्होंने परिवहन, बिजली एवं उद्योग विभाग का कार्यभार संभाला था।

विधायक के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल (2021 से) उनका तीसरा कार्यकाल है और भाजपा विधायक के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। 2001 और 2011 में उन्होंने विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। वह 26 अगस्त, 2017 को नयी दिल्ली में अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए थे।




# भारतीय तटरक्षक स्टेशन मंडपम ने 145 किग्रा. अवैध समुद्री ककड़ी की खेप रोकी

**चेन्नई।** भारतीय तटरक्षक स्टेशन मंडपम ने रविवार (13 अप्रैल 2025) को अवैध शिकार विरोधी अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें अवैध रूप से काटे गए समुद्री खीरे की एक बड़ी खेप को रोका गया। उत्तरी वेदालाई समुद्र तट के पास संदिग्ध गतिविधि का संकेत देने वाली विशिष्ट स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर, तटरक्षक कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। अभियान के परिणामस्वरूप लगभग 145 किलोग्राम समुद्री खीरे जब्त किए गए।

खुले स्रोत के आंकड़ों के अनुसार, जब्त माल का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 58 लाख रुपये है। इस समय पर की गई कार्रवाई ने संरक्षित समुद्री प्रजातियों के अवैध ट्रांसशिपमेंट को विफल कर दिया और यह भारत की समुद्री जैव विविधता के संरक्षण के लिए भारतीय तटरक्षक बल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह अभियान तस्करी और अवैध शिकार विरोधी अभियानों, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और संकटग्रस्त समुद्री जीवन के संरक्षण में तटरक्षक बल के निरंतर प्रयासों को मजबूत करता है। भारतीय तटरक्षक बल सदैव सतर्क रहता है तथा राष्ट्र के समुद्री हितों और प्राकृतिक समुद्री विरासत की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# तिरुमला बोर्ड के सदस्य ने गायों की मौत के मामले में पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**चेन्नई/तिरुपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के सदस्य जी भानु प्रकाश रेड्डी ने गायों की मौत के संबंध में अपने आरोपों से मंदिर प्रबंधन को कथित रूप से ''बदनाम'' करने के लिए पूर्व अध्यक्ष बी करुणाकर रेड्डी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, करुणाकर ने गायों की मौत की गहन जांच की मांग करते हुए कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं, क्योंकि उन्होंने कुछ भी ''गलत नहीं'' किया। करुणाकर ने 11 अप्रैल को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि टीटीडी गोशाला में बड़ी संख्या में गायें मर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले तीन महीनों में ''लापरवाही'' के कारण 100 गायों की मौत हुई है।

भानु प्रकाश ने शिकायत में कहा, काल्पनिक आधार पर लगाए गए बेबुनियाद आरोप निश्चित रूप से मानहानि के बराबर हैं और वे आम जनता की नजर में मंदिर और उसके प्रशासन की प्रतिष्ठा को कम करते हैं। शिकायत को मंगलवार को 'पीटीआई-भाषा' के साथ साझा किया गया। शिकायत में करुणाकर के दावों का खंडन किया गया है। भानु प्रकाश ने कहा कि ये आरोप समाचारपत्रों और सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं और उनकी आस्था को चोट पहुंची है। इसके मद्देनजर, भानु प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से पूर्व टीटीडी अध्यक्ष और ऐसे दावे करने वाले अन्य लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस बीच, करुणाकर ने गायों की मौतों की गहन जांच की मांग दोहराते हुए कहा है कि वह अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी भी धमकी से नहीं डरूंगा, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया। युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की प्रेस विज्ञप्ति में करुणाकर रेड्डी ने कहा, टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) श्यामला राव ने कहा कि 43 गायें मरी हैं, जबकि अध्यक्ष बी आर नायडू ने दावा किया कि यह संख्या 22 है। दोनों आंकड़े मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के इस दावे का खंडन करते हैं कि गोशाला में कोई मौत नहीं हुई। मुख्यमंत्री, ईओ और अध्यक्ष पर विरोधाभासी आंकड़े उपलब्ध कराने का आरोप लगाते हुए करुणाकर ने कहा कि वे इस मुद्दे को पारदर्शिता के साथ हल करने में विफल रहे हैं।



# नए आरओ वाटर प्लांट का अनावरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** कुलपति प्रो. पी. प्रकाश बाबू ने विश्वविद्यालय के सिल्वर जुबली परिसर में स्थित मानविकी और सामाजिक विज्ञान ब्लॉक में 250 लीटर प्रति घंटे की क्षमता वाले रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) जल संयंत्र का उद्घाटन किया। इस सुविधा का उद्देश्य आस-पास के छात्रों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। आरओ प्लांट को इंडियन बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत प्रायोजित किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत 5 लाख है। इस अवसर पर इंडियन बैंक, पांडिचेरी विश्वविद्यालय शाखा के उप महाप्रबंधक एम. वेंकट सुब्रमण्यन, उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी. सुब्रमण्यन, प्रबंधक विश्वजीत ने भाग लिया।

# जंगली हाथी के हमले में दो आदिवासियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**त्रिशूर/भाषा।** केरल के त्रिशूर जिले के अथिरापिल्ली जंगल में वनोपज एकत्र करने के लिए गए दो आदिवासी व्यक्तियों की एक जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस नेता वी डी सतीसन ने इस तरह की घटनाओं को रोकने में विफलता को लेकर सरकार की आलोचना की है। पुलिस को आशंका है कि यह घटना सोमवार को शाम करीब साढ़े सात बजे हुई होगी। मृतकों के शव मंगलवार की सुबह पास के एक सरकारी अस्पताल में भेजे गए।

दोनों मृतकों की पहचान अंबिका और सतीश के रूप में हुई है, जो पास के वाझाचल में आदिवासी बस्ती में रहते थे। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, अंबिका और सतीश दो अलग-अलग आदिवासी परिवारों से थे और वनोपज एकत्र करने के लिए एक चट्टान पर अस्थायी तंबू लगाकर वहां ठहरे थे। अधिकारी ने आशंका जताई कि रात को जंगली हाथियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया होगा।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह भी जांच की जा रही है कि क्या वहां और लोग भी थे और वे हाथियों को देख कर भागे तथा वन क्षेत्र में फंस गए। इस घटना के बाद केरल में पिछले दो दिन में जंगली हाथियों के हमलों में मरने वालों की संख्या तीन हो गई। रविवार रात मलाक्कापारा में 20 वर्षीय एक आदिवासी युवक की हाथी के हमले में जान चली गई थी। इस बीच नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीसन ने राज्य सरकार और वन मंत्री ए के ससींद्रन की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले दो दिनों में जंगली हाथी के हमले में तीन लोगों की मौत के बावजूद अधिकारी कुछ नही कर रहे है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कड़े कदम उठाने के लिए लगातार अनुरोध किए जाने के बावजूद सरकार कुछ नहीं कर रही है और जंगल में रहने वाले लोगों को उनके हालात पर छोड़ दिया गया है।

सतीसन ने कहा, सरकार को चाहिए कि उन इलाकों में विशेष निगरानी दल तैनात करे जहां बार-बार हाथी आते-जाते हैं। साथ ही लोगों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए। नेता प्रतिपक्ष ने वन मंत्री से कहा कि वह बार बार यह न दोहराएं कि जंगली जानवरों के हमले जंगल के अंदर होते हैं। उन्होंने कहा, दो आदिवासी वनोपज एकत्र करने गए थे और मारे गए। वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासी जंगल में रहते हैं। उन्हें सुरक्षा मुहैया कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

सतीसन ने कहा कि केरल एक अभूतपूर्व स्थिति का सामना कर रहा है जहां रोज जंगली जानवरों के हमले हो रहे है। उन्होंने आरोप लगया कि सरकार और वन विभाग असली समस्या का हल न करने के दोषी हैं। उन्होंने बताया कि इस साल अब तक 18 लोगों की जान जंगली जानवरों के हमलों में जा चुकी है। विपक्ष के नेता ने कहा कि जब फरवरी में जंगली जानवरों के हमले में पांच लोग मारे गए थे, तब वन मंत्री ने तत्काल कारवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया अगर तुरंत कार्रवाई नही की जा सकती, तो उन्हें पद पर क्यों बने रहना चाहिए?





# कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री खाचरियावास समेत अन्य के कई परिसर पर ईडी की छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को 48,000 करोड़ रुपये के पीएसीएल पोंजी धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास तथा कुछ अन्य के कई परिसर पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा खाचरियावास के जयपुर स्थित घर और एक अन्य व्यक्ति कुलवंत सिंह के घर समेत करीब 15 परिसर की तलाशी ली जी रही है। ईडी के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक सुरक्षा टीम तैनात की गई है।

उल्लेखनीय है कि 55 वर्षीय कांग्रेस नेता खाचरियावास, पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में परिवहन, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। वे सिविल लाइंस (जयपुर) सीट से विधायक रहे हैं। वे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के भतीजे हैं। यहां अपने पैतृक घर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में खाचरियावास ने कहा कि ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि वह (राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार) के खिलाफ बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह ईडी से डरते नहीं हैं। धन शोधन मामले की जांच वर्ष 2015 में शुरू की गई। यह मामला पीएसीएल इंडिया लिमिटेड, पीजीएफ लिमिटेड, पीएसीएल के दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू और अन्य के खिलाफ निवेशकों को धोखा देने के लिए धोखाधड़ीपूर्ण निवेश योजनाएं चलाने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी के अनुसार, इन योजनाओं के माध्यम से, पीएसीएल और उसके निदेशकों ने निवेशकों को लगभग 48,000 करोड़ रुपये का धोखा दिया। सूत्रों ने दावा किया कि कथित अपराध की आय के खाचरियावास से जुड़ी संस्थाओं सहित अन्य संस्थाओं को प्राप्त होने का संदेह है। ईडी की छापेमारी की खबर सामने आने पर खाचरियावास के समर्थक उनके आवास के बाहर एकत्र हो गए और नारे लगाने लगे।

खाचरियावास ने संवाददाताओं से कहा, वे परिसर की तलाशी के लिए नोटिस लेकर आए हैं। उन्होंने किसी कंपनी से संबंधित नोटिस नहीं दिया है। देश में कहीं भी परिसर की तलाशी ली जा सकती है, यह उनका अधिकार है। मैं न तो डरता हूं और न ही घबराता हूं। उन्होंने कहा, अगर कोई मुद्दा है, तो मैं जवाब दूंगा। मेरी ओर से छह वकील हैं। ईडी ने इस मामले में मार्च में भंगू की बेटी बरिंदर कौर, उसके पति हरसतिंदर पाल सिंह हेयर और उसके करीबी सहयोगी मनोज कुमार के खिलाफ छापेमारी की थी। इन छापेमारी से पहले एजेंसी ने हेयर को गिरफ्तार किया था। भंगू की पिछले साल अगस्त में मौत हो गई थी। एजेंसी ने ऑस्ट्रेलिया में 462 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियों सहित 706 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और पीएसीएल, भंगू और अन्य के खिलाफ दो आरोपपत्र दायर किए हैं।

खाचरियावास ने दावा किया कि ईडी उन्हें डराने के लिए उनके घर की तलाशी लेने आई थी। उन्होंने कहा, भाजपा अहंकारी है। केंद्र में उनकी 11 साल से सरकार है, राजस्थान में भी उनकी सरकार है। मैं उनके खिलाफ बोलता रहा हूं, इसलिए उन्होंने यह कार्रवाई की है, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।

खाचरियावास ने आरोप लगाया कि ईडी बिना किसी कारण के कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा, उन्होंने हमारे नेता राहुल गांधी को बुलाया। जब वे कोई कारण बताएंगे, तो मैं जवाब दूंगा। अभी तक ईडी ने तलाशी का कोई कारण नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को ईडी के जरिए राजनीति नहीं करनी चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि उनका किसी कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है। संघीय जांच एजेंसी इस मामले में अन्य स्थानों पर स्थित कुछ अन्य परिसर की तलाशी ले रही है। खाचरियावास ने कहा कि वह संयुक्त परिवार में रहते हैं और इस तरह की हरकतें पूरे परिवार को परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अब नया घर बनाऊंगा, उसका नाम 'क्रांति हाउस' रखूंगा और वहीं से विद्रोह शुरू करूंगा, ताकि मेरे परिवार को कोई परेशानी न हो। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने खाचरियावास के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक बदला करार दिया।

जूली ने 'एक्स' पर लिखा, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास मुखरता से भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इसी से डरकर भाजपा सरकार ने केन्द्रीय एजेंसियों को उनके घर भेज दिया है। 2020 में भी उन्हें इसी तरह परेशान करने का प्रयास किया गया था। उन्होंने लिखा,प्रताप सिंह खाचरियावास के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की जा रही यह कार्रवाई निंदनीय है।'

# दक्षिण पश्चिम कमान ने मनाया अपना 21वाँ स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय सेना की 15 अप्रैल 2005 को स्थापित हुई सप्त शक्ति कमान ने मंगलवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में अपना 21वां स्थापना दिवस मनाया। राजस्थान में सेना के जनसम्पर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि सप्त शक्ति कमान भारतीय सेना की सातवीं और सबसे युवा कमान है, जिसने पिछले 21 वर्षों में सप्त शक्ति कमान ने सफलता की ऊंचाइयों को छूते हुए पश्चिमी सीमाओं पर मज़बूत सुरक्षा स्थापित की है। 'सर्वदा विजयी भव' के आदर्श वाक्य के साथ इस कमान ने न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि संचालन तैयारियों और व्यावसायिक गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को भी प्राप्त किया है।

उन्होंने बताया कि यह मुख्य उपलब्धि सुदृढ़ प्रशिक्षण, नवीन तकनीकों को शामिल करने और नवीन तकनीकी एवं सामरिक प्रक्रियाओं के विकास से संभव हुई है। इन्हीं प्रयासों से, यह कमान भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए भविष्य के लिये तैयार, प्रौद्योगिकी संचालित घातक एवं चुस्त सेना के रूप में उभरी है। कर्नल शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर प्रेरणा स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया जिसमें देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

यह आयोजन कमान की मूल भावना में निहित वीरता और निःस्वार्थता का एक मार्मिक स्मरण था। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान ने सभी रैंक, पूर्व सैनिकों, रक्षा कर्मचारियों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर ले. जनरल सिंह ने सम्बोधित करते कमान की इस गौरवशाली यात्रा में योगदान देने वाले सभी भूतपूर्व और वर्तमान सैनिकों के निस्वार्थ समर्पण, साहस और बलिदान की सराहना की साथ ही भारतीय सेना की सबसे युवा कमान को इतने कम समय में विशिष्ट पहचान ,गौरवपूर्ण विरासत स्थापित करने और सफलता के शिखर पर पहुँचाने में उनके अहम योगदान को सराहा।

अपने संबोधन में ले. जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि कमान ने सेना की दूरदृष्टि के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए, नई रणनीतियों को अपनाकर और बहु क्षेत्र संचालनर में समन्वय के माध्यम से अपनी संचालन तैयारियों को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने नयी तकनीकों के समावेश की आवश्यकता पर बल देते हुए कमान द्वारा किए गए प्रयासों एवं आधारभूत ढांचागत विकास से जुड़ी विभिन्न पहलों को रेखांकित किया।

ले. जनरल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिक और वीर नारियाँ कमान की निरंतर प्रेरणा और शक्ति रही हैं और उनका कल्याण कमान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उनके कल्याण एवं सशक्तीकरण के लिये अब तक की गई पहलों और भविष्य में प्रस्तावित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी । ले. जनरल सिंह ने कमान के प्रत्येक सदस्य से राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिये स्वयं को पुनः समर्पित करने का आह्वान करते हुए नयी चुनौतियों का व्यावसायिकता एवं साहस के साथ सामना करने का संदेश दिया। उन्होंने आग्रह किया कि सब एक साथ मिलकर, एक ही उद्देश्य और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें और हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करें और कमान के आदर्श 'सर्वदा विजयी भव' का दृढ़ता से पालन करें।



# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय ने अरुण योगीराज को दी पीएचडी की मानद उपाधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि कला और कलाकारों का सम्मान भारतीय संस्कृति की परम्परा रही है। शिल्पी अरुण योगीराज को पीएचडी की पहली मानद उपाधि प्रदान कर महाराजा गंगासिंह राज्यपाल ने मंगलवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में अरुण योगीराज के मानद उपाधि सम्मान कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

राज्यपाल ने कहा कि योगीराज इस उपाधि के लिए सर्वथा योग्य हैं। योगीराज ने अत्यंत कम उम्र में शिल्प की गहरी साधना की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर में योगीराज द्वारा बनाई गई मूर्ति जीवंत है। उन्होंने योगीराज के कला कौशल्य की सराहना की और कहा कि हमारे देश में हजारों वर्षों से अच्छी मूर्तियां बनाने की परंपरा रही है।

आज भी देश और प्रदेश में ऐसे कलाकार हैं, जिनकी कला को बेहतर पहचान मिली है। राज्यपाल ने कहा कि योगीराज सिर्फ एक मूर्तिकार नहीं बल्कि भारतीय शिल्प कला की समृद्ध परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। योगीराज ने मूर्तिकला की विरासत को अपनाया और इसे नई ऊंचाइयां दी।

राज्यपाल ने कहा कि योगीराज को दिए गए अभिनंदन पत्र को विश्वविद्यालय में भी प्रदर्शित किया जाए, जिससे युवा विद्यार्थियों को प्रेरणा मिले और वे भी इनका अनुसरण कर सकें। मानद उपाधि प्राप्त करने के पश्चात अरुण योगीराज ने कहा कि यह भारत की समृद्ध कला परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वह पांच पीढ़ियों से शिल्प की साधना कर रहे हैं।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि योगीराज ने लोह पथ पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, केदारनाथ में आदि शंकराचार्य, अमरनाथ में नंदी की प्रतिमा भी बनाई। उन्होंने कहा कि योगीराज ऐसे ऋषि हैं, जिन्होंने अपनी शिल्पकला के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत की संजीता और मूल्यों को विशेष पहचान दी है। इससे पहले राज्यपाल ने अरुण योगीराज को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की।



# देश को विकसित बनाने में भौतिक विकास के साथ बौद्धिक-चारित्रिक विकास की महत्ती भूमिका : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि देश के विकास के लिए सड़क, भवन और पुल जैसे भौतिक संसाधनों की जरूरत होती है लेकिन देश सही मायनों में विकसित तब होता है, जब प्रत्येक नागरिक शारीरिक, बौद्धिक और चारित्रिक रूप से सशक्त होगा। उन्होंने युवाओं के कौशल्य विकास पर जोर दिया और अध्ययनशीलता के विकास का आह्वान किया। राज्यपाल बागड़े ने मंगलवार को राजस्थान पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, बीकानेर के 8वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के मीरा बाई सभागार में आयोजित समारोह के दौरान राज्यपाल ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति में विद्यार्थी को शिक्षा के साथ कौशल विकास और चरित्र निर्माण की शिक्षा मिलती थी। आज भी शिक्षार्जन और डिग्री हासिल करने के साथ विद्यार्थी खेल, शारीरिक व्यायाम आदि गतिविधियों में भी भागीदारी निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे गुरु दक्षिणा के रूप में विश्वविद्यालय परिसर में एक-एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी होगा।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान के क्षेत्र में आरम्भ से ही समृद्ध रहा है। ऋग्वैदिक काल में भी पशुपालन पूर्णतया विकसित था। अथर्ववेद में पशुओं की बीमारियों, आयुर्वेदिक दवाओं और बीमारियों के इलाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां हैं। शालिहोत्र दुनिया के पहले ज्ञात पशु चिकित्सक थे। उनका लिखा ग्रंथ शालिहोत्र संहिता, पशु चिकित्सा पर महत्वपूर्ण ग्रंथ है। उन्होंने विश्वविद्यालय में यह ग्रन्थ उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए जिससे विद्यार्थियों को इनकी जानकारी हो सके। राज्यपाल ने कहा कि पशु चिकित्सा और विज्ञान के प्राचीन ज्ञान से नई पीढ़ी को अवगत करवाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। यहां गिर, साहीवाल और मुर्रा जैसी नस्लें उच्च गुणवत्ता का दुध देती हैं। इसके अलावा बकरी, भेड़ और मुर्गी पालन भी विकसित अवस्था में है। इस दिशा में और कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की सराहना की।

इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के त्रैमासिक न्यूजलेटर के नवीनतम अंक, विश्वविद्यालय की एक वर्ष की प्रगति पुस्तिका का लोकार्पण किया, विश्वविद्यालय में 2 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अरुधंति कन्या छात्रावास का शिलान्यास किया। उन्होंने निजी महाविद्यालयों के एफिलेशन मैनेजमेंट सिस्टम, पुनर्निर्मित वेबसाइट और कार्मिकों की उपस्थिति के फेस रिकॉग्नेशन सिस्टम की शुरुआत की।




# बैरवा ने 48वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के पोस्टर का किया विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को 48वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश- प्रदेश के जनसंपर्क क्षेत्र के पेशेवरों को शुभकामनाएँ दीं और देश में सूचनात्मक एवं उत्तरदायी संप्रेषण को बढ़ावा देने में उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त सुनील शर्मा को भी 48वें राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस का पोस्टर भेंट किया।

उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और इस दिशा में कार्यरत सभी जनसंपर्क पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष वीरेंद्र पारीक, उपाध्यक्ष श्रीमती कविता जोशी एवं सचिव मनीष हूजा मौजूद रहे।




# ऊँटनी का दूध अमृत तुल्य, ऊँटपालकों को मिले इसका उचित मूल्य : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार को बीकानेर स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र का अवलोकन किया। राज्यपाल ने यहां के उष्ट्र संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां ऊँटों की विविध नस्लों, ऊँटों के बहुआयामी उपयोग, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में ऊँटों के योगदान, उष्ट्र व्यवहार तथा लक्षण, उष्ट्र दुग्ध तथा उष्ट्र पर्यटन संबद्ध गतिविधियों की सामग्री का अवलोकन किया। बागड़े ने ऊँट के बाल, खाल व हड्डी से बने विभिन्न उत्पादों को देखा। इस दौरान राज्यपाल ने ऊंटनी के दूध से बनी लस्सी का स्वाद भी चखा। उन्होंने केन्द्र द्वारा ऊँटनी के दूध पाउडर की सराहना की। राज्यपाल ने उष्ट्र सवारी स्थल का भ्रमण किया तथा उष्ट्र पालकों से संवाद भी किया। राज्यपाल ने प्रदेश में ऊँटनी के दूध की आपूर्ति के बारे में जानकारी ली और कहा कि राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के माध्यम से ऊँटनी के दूध को और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे यह उपभोक्ताओं के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने केन्द्र के अनुसंधान कार्यों के बारे में जाना और उष्ट्र संरक्षण व विकास के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया।

# इस मानसून ईसरदा बांध में होगा जल संग्रहण, बांध का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में अंतिम छोर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। शर्मा के निर्देशन के सवाई माधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। बांध के निर्माण का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा हो चुका है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है। जल संसाधन विभाग द्वारा जुलाई माह तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इससे आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा। इसके बाद दौसा के 1079 ग्राम व 5 शहरों तथा सवाई माधोपुर के बौंली शहर तथा 177 ग्रामों व एक शहर में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी।

यह परियोजना जलसंकट समाधान के साथ-साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही, ईसरदा बांध से राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत रामगढ़ बांध, बुचारा, छितोली इत्यादि बांधों में पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी। इससे बांधों के आसपास के क्षेत्र एवं जयपुर जिले को भी पानी मिल सकेगा। ईसरदा बांध बीसलपुर बांध के डाउनस्ट्रीम में ग्राम बनेठा (तहसील उनियारा जिला टोंक) के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाना निर्धारित है।

प्रथम चरण में डैम का निर्माण पूर्ण भराव स्तर आरएल 262.0 मी (भराव क्षमता 10.77 टीएमसी) तक पूर्ण किया जाएगा। इसमें पानी का भंडारण आरएल 256.0 मी भराव क्षमता (3.24 टीएमसी) तक ही किया जाना है। द्वितीय चरण में बांध में पूर्ण भराव क्षमता आरएल 262.0 मीटर तक पानी संग्रहित हो सकेगा। परियोजना के प्रथम चरण की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 1038.65 करोड़ रुपए की दी गई, जिससे कार्य प्रगतिरत है। बांध निर्माण में ओवर फ्लो वाले भाग में स्पिलवेय ब्रिज में स्लैब निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। अभी तक 28 के विरूद्ध 28 स्लैब डाली जा चुकी है। साथ ही, 28 पियर्स के विरूद्ध 28 पियर्स वांछित ऊंचाई तक पूर्ण किए जा चुके हैं। बांध में 84 गर्डर के विरूद्ध 84 गर्डर लॉन्च किए गए है। बांध में 28 ब्लॉक एप्रेन के विरूद्ध 22 ब्लॉक एप्रेन का निर्माण किया जा चुका है। बांध में 28 पावर पैक रूम के विरूद्ध 28 में पावर पैक रूम और 28 रेडियल गेट विरूद्ध 28 रेडियल गेट का निर्माण हो गया है। बांध में 56 हाईड्रोलिक सिलेंडर के विरूद्ध 56 हाईड्रोलिक सिलेंडर भी लगाए जा चुके हैं। मिट्टी के बांध का कार्य लगभग 82.08 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मुख्य बांध का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# लंबित जांच प्रकरणों के निस्तारण को लेकर शिक्षामंत्री ने दिए सख्त निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के सभागार में मंगलवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गयी। निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर की ओर से आयोजित बैठक में 16-17 सीसीए, एसपी प्रकरण सहित अन्य लंबित जांच के संबंध में चर्चा की गयी। चर्चा में वर्ष 1989 से लेकर वर्ष 2025 तक के 16 सीसीए, 17 सीसीए, 17 सीसीए न्यून परीक्षा परिणाम प्रधानाचार्य, 17 सीसीए न्यून परीक्षा परिणाम व्याख्याता और राज्य स्तर पर 16 सीसीए के लंबित एवं विचाराधीन प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों एवं पदाधिकारियों को पेंडिंग मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही विभाग की ओर से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विशिष्ठ शासन सचिव विश्व मोहन शर्मा, राज्य परियोजना आयुक्त एवं निदेशक, समग्र शिक्षा राजस्थान श्रीमती अनुपमा जोरवाल, निदेशक प्राथमिक शिक्षा सीताराम जाट, संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा पर योगी आदित्यनाथ ने कहा,

# दंगाइयों का एकमात्र इलाज 'डंडा' है



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हरदोई/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जारी हिंसा पर मंगलवार को कहा कि दंगाइयों का इलाज सिर्फ 'डंडा' है और 'डंडे' के बिना वे नहीं मानेंगे।

योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि बंगाल जल रहा है लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुप्पी साधे हुए हैं और दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन दंगाइयों का इलाज 'डंडा' है और 'डंडे' के बिना वे नहीं मानेंगे। योगी ने कहा, लातों के भूत बातों से कहा मानने वाले हैं? उन्होंने मंगलवार को हरदोई में 650 करोड़ रुपए की 729 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, आप देख रहे हैं कि बंगाल जल रहा है, उस राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं और 'दंगाइयों को शांतिदूत' कहती हैं। अरे लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? लेकिन धर्मनिरपेक्षता के नाम पर दंगाइयों को दंगे करने की पूरी छूट दे दी गई है। सरकार चुप है। इस तरह की अराजकता पर नियंत्रण होना चाहिए। पूरा मुर्शिदाबाद पिछले एक हफ्ते से जल रहा है। उन्होंने कहा, ''हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आभारी हैं, जिन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक पारित करवाया और इस अधिनियम के माध्यम से गरीबों की जमीन और सार्वजनिक भूमि की डकैती पर लगाम लगाई। अब जो जमीन वापस आएगी, उस पर अस्पताल, गरीबों के लिए घर, स्कूल, विश्वविद्यालय और निवेश के लिए भूमि बैंक बनाए जाएंगे। लेकिन अब किसी को भी जमीन हड़पने और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए ये लोग परेशान हैं, क्योंकि जमीन के नाम पर जो लूट होती थी, वह बंद होने जा रही है। उन्हें इस बात की चिंता है कि उनके गुंडे बेरोजगार हो जाएंगे, जो पहले जनता को लूटते थे। आदित्यनाथ ने कहा, ''उन्हें डर है कि अगर उनके गुंडे भस्मासुर बन गए तो वे (गुंडे) उन्हें लूटना शुरू कर देंगे, उन्होंने जो अपार संपत्ति जमा की है, वह लूट ली गई है। इसलिए वक्फ के नाम पर वे लोगों को बेवकूफ बनाने और उन्हें गुमराह करने का काम कर रहे हैं।'' हिंदू धर्म में भस्मासुर एक राक्षस है, जिसे यह शक्ति दी गई थी कि वह जिस किसी के सिर को अपने हाथ से छूएगा वह तुरंत जलकर राख (भस्म) हो जाएगा।

आदित्यनाथ ने कहा, मैं वहां की अदालत को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसने वहां केंद्रीय बलों की तैनाती की अनुमति दी और अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाए।

## बंगाल सरकार को वक्फ अधिनियम के विरोध में हिंदुओं पर हो रहे 'जिहादी' हमले रोकने चाहिए : विहिप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**कोलकाता/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल प्रशासन से वक्फ अधिनियम से संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हिंदुओं और उनकी संपत्तियों पर किए जा रहे हमलों को तत्काल रोके जाने की मंगलवार को अपील की तथा पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की। विहिप ने कहा कि यदि राज्य में कहीं और ऐसी घटनाएं दोहराई जाती हैं तो केंद्र का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाएगा।

विहिप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) मिलिंद परांडे ने सिलीगुड़ी में पत्रकारों से बात करते हुए राज्य में तृणमूल कांग्रेस के दो मंत्रियों–सिद्दीकुल्ला चौधरी और फिरहाद हकीम–के कथित बयानों की आलोचना की और उन्हें ''भड़काऊ एवं असंवेदनशील'' करार दिया। मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान इलाके में ''जिहादी उपद्रवियों'' के हमले से बचने के लिए बंगाली हिंदुओं का घरों से भागकर मालदा जिले में शरण लेना ''अतीत में जम्मू–कश्मीर से हुए कश्मीरी पंडितों के पलायन'' की याद दिलाता है। उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि ''वक्फ (संशोधन) अधिनियम विरोधी किसी भी आंदोलन के दौरान'' सिलीगुड़ी में या राज्य के अन्य स्थानों पर कानून–व्यवस्था खराब न हो।

## फर्जी पासपोर्ट गिरोहः ईडी ने बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी की

**कोलकाता/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी पासपोर्ट गिरोह की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के कई स्थानों पर मंगलवार को छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कोलकाता के बेकबागान इलाके के अलावा उत्तर 24 परगना जिले के बिराटी, –नदिया जिले के गेदे और पांच अन्य स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, ''तलाश अभियान जारी है। घोटाले (फर्जी पासपोर्ट) में शामिल एजेंट की कॉन्टेक्ट सूचियों से (छापे के लिए) स्थानों की पहचान की गई।'' कोलकाता पुलिस ने इससे पहले फर्जी पासपोर्ट गिरोह में कथित संलिप्तता के लिए एक सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक सहित कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के सूत्रों ने बताया कि कोलकाता पुलिस ने मार्च में शहर की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। आरोपपत्र में नामजद 130 लोगों में से 10 भारतीय हैं और बाकी पड़ोसी देश बांग्लादेश के हैं।

## सोनिया, राहुल के खिलाफ आरोप पत्र बदले की राजनीति और डराने-धमकाने की कोशिशः कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उसके शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया जाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई बदले की राजनीति और डराने–धमकाने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस मामले में कांग्रेस और उसका नेतृत्व चुप बैठने वाला नहीं है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप–पत्र दाखिल किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने नौ अप्रैल को दाखिल आरोप–पत्र के संज्ञान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पड़ताल की और सुनवाई की अगली तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को ज़ब्त करना कानून के शासन का मुखौटा लगाकर किया गया एक राज्य प्रायोजित अपराध है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा की गई बदले की राजनीति और डराने–धमकाने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है।

## पुणे के व्यवसायी की बिहार में अपहरण के बाद हत्या, कई संदिग्ध हिरासत में

**पुणे/भाषा।** पुणे के 55 वर्षीय व्यवसायी का पटना हवाई अड्डे के बाहर से कथित तौर पर अगवा कर लिया गया और उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पटना से लगभग 50 किलोमीटर दूर जहानाबाद जिले में लक्ष्मण शिंदे का शव मिलने के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए आसपास के गांवों से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुणे के खेड़शिवपुर स्थित सेंट्रीफ्यूगल कास्टिंग बियरिंग कंपनी के मालिक शिंदे 11 अप्रैल को विमान से पटना पहुंचे थे। रात करीब 8:30 बजे उन्होंने अपनी बेटी को संदेश भेजा कि वह झारखंड जा रहे हैं। इसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका। पुणे के पुलिस उपायुक्त (जोन 3) संभाजी कदम ने बताया कि जब परिवार शिंदे से संपर्क नहीं कर सका तो उन्होंने 12 अप्रैल को कोथरूड पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। कदम ने बताया, इसके बाद पुणे पुलिस की एक टीम को जांच के लिए पटना भेजा गया।

## बोलनगीर में बीजू पटनायक की मूर्ति को आग लगायी गयी

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के बोलनगीर जिले के पटनागढ़ कस्बे में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की एक मूर्ति को आग लगा दी गयी। यह जानकारी पुलिस ने दी।

बीजू जनता दल (बीजद), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और अन्य वाम दलों ने घटना की निंदा की। पुलिस महानिरीक्षक (उत्तरी रेंज) हिमांशु कुमार लाल ने बताया कि मूर्ति को आग लगाने के मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत हो रहा है।

वरिष्ठ बीजद नेता प्रमिला मलिक ने विभिन्न स्थानों पर बीजू पटनायक की मूर्ति पर बढ़ते हमलों के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। पूर्व मंत्री एवं बीजद नेता प्रसन्ना आचार्य ने कहा, ''यह केवल बीजू पटनायक की मूर्ति को आग लगाने की बात नहीं है, बल्कि ओडिशा के गौरव को भी आग लगायी गई है। कोई भी इस तरह की बर्बरता का समर्थन नहीं करेगा।''

बीजद नेता संजय दास बर्मा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बीजू पटनायक के जन्मदिन पांच मार्च को पंचायती राज दिवस के रूप में मनाना बंद किये जाने के बाद इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

बीजद नेता ने कहा कि यह हाल के दिनों में तीसरी ऐसी घटना है। उन्होंने कहा कि मार्च में शरारती तत्वों ने कटक जिले के महांगा इलाके में बीजू पटनायक की एक मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी थी। उन्होंने कहा कि एक अन्य घटना में पिछले महीने कटक शहर में बीजू पटनायक की मूर्ति का रंग बदल दिया गया था। बीजद नेता ने कहा कि बोलनगीर की घटना ऐसी तीसरी घटना है।

## भाजपा सरकार जाने से पहले सब कुछ 'जीरो' कर देगी : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र और उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार जनता को गुमराह करने के लिए पुरानी योजनाओं को नए नामों से पेश कर रही है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में भाजपा पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा, '''जीरो' होने से पहले हर तरफ 'जीरो' नजर आ रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जैसे इनका 'जीरो टॉलरेंस' 'जीरो' हो गया, वैसे ही 'जीरो पॉवर्टी' का जुमलाई–भाजपाई दावा भी होगा। हमारे देश की महान परंपरा ने 'जीरो' गणित के लिए दिया था, जनता के बीच झूठ बांटने के लिए नहीं।'' यादव ने कहा, '''पावर्टी' या गरीबी कामों से जाती है, बातों से नहीं और काम में भाजपा सरकार जीरो है। ये जाते–जाते सब कुछ शून्य करके जाएंगे।'' उन्होंने ग्रामीण विकास योजनाओं का नाम बदलने के लिए भी भाजपा की आलोचना की। सपा नेता ने कहा, ''भाजपाई 'अंबेडकर गांव' और 'लोहिया गांव' जैसी पुरानी योजनाओं का नाम बदलकर नये तरह से पेश करने का अपना परंपरागत छलावा कर सकते हैं और कुछ नहीं।'' उन्होंने भाजपा से अपने वादे को पूरा करने का आह्वान किया। सपा नेता ने कहा, ''भाजपाई नया वादा करने से पहले 15 लाख रुपए खातों में भिजवा दें और गोद लिए गांव की बदहाली भी जाकर देख लें और पहले हर किसी को घर और हर घर में जल जैसे झूठे वादों पर कई परतों तक जमा हो चुकी धूल को झाड़ें।'' उन्होंने कहा, ''कम–से–कम गरीबों से तो झूठ न बोलें। यह निंदनीय है।'' उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को घोषणा की थी कि राज्य में 'जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम' (शून्य गरीबी अभियान) बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा।



## प. बंगाल में पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** बंगाली नववर्ष (पोइला बैसाख) मंगलवार को पूरे पश्चिम बंगाल में पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया और इस दौरान लोगों ने मंदिरों में पूजा–अर्चना की, दुकानों पर जाकर नए खाता–बही खोले और रेस्तरां में विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों का आनंद लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली नववर्ष के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

सुबह से ही हजारों लोग शहर के दक्षिणेश्वर और कालीघाट समेत विभिन्न मंदिरों में पहुंचे और उन्होंने 'हाल खाता' नामक नई खाता बही खोलकर ईश्वर का आशीर्वाद लिया।

विभिन्न इलाकों में रंगारंग प्रभात फेरी निकली। पुरुष एवं महिलाएं टैगोर की कविता 'हे नोतुन देखा दिक अर्बार' (नई सुबह नई उम्मीद के साथ हमारा स्वागत करे) गाते हुए प्रभात फेरियों में शामिल हुए। इस दौरान बंगाल के ग्रामीण जीवन दर्शाने वाली रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।

कोलकाता समेत विभिन्न जिलों में भी शॉपिंग मॉल खरीदारों से खचाखच भरे रहे और सिंगल स्क्रीन एवं मल्टीप्लेक्स सिनेमा घरों में फिल्मों के शो हाउसफुल रहे।

बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न बंगाली रेस्तरां में व्यंजनों का आनंद लिया और रेस्तरां में भारी भीड़ के कारण पारंपरिक पोशाक पहने ग्राहक उनके बाहर खड़े होकर घंटों इंतजार करते दिखे। विभिन्न इलाकों में बंगाली विरासत और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए विशेष संगीत समारोह और रंगमंच प्रस्तुतियां आयोजित की गई।

मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्सों में सांप्रदायिक हिंसा का असर जिले के धुलियान, शमशेरगंज, सुती और जंगीपुर में नववर्ष समारोहों पर देखने को मिला और कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने तामलुक में चैतन्य महाप्रभु मंदिर से मां वर्गभीमा मंदिर तक अपनी रैली का वीडियो संलग्न करते हुए सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में लिखा, ''आइए बंगाली नववर्ष में इस नई उम्मीद के साथ शुरुआत करें कि बंगाल में बदलाव आएगा। हम बदलाव लाएंगे।''



## हेमंत सोरेन झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए, उनके पिता शिबू सोरेन 'संस्थापक संरक्षक' बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मंगलवार को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया वहीं उनके पिता शिबू सोरेन को पार्टी का ''संस्थापक संरक्षक'' बनाया गया। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख थे, जबकि उनके बेटे हेमंत 2015 से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे।

झामुमो के 13वें केंद्रीय अधिवेशन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता नलिन सोरेन ने संस्थापक संरक्षक के रूप में शिबू सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन स्टीफन मरांडी ने किया।

इसके बाद शिबू सोरेन ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष के रूप में हेमंत सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

## असमिया भाषा को राज्य में सभी आधिकारिक कार्यों के लिए अनिवार्य घोषित किया गया

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बराक घाटी के तीन जिलों और बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के अंतर्गत पांच जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में सभी आधिकारिक कार्यों में असमिया भाषा का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह जानकारी एक आधिकारिक अधिसूचना में दी गयी है।

अधिसूचना के अनुसार, हालांकि सभी सरकारी अधिसूचनाएं, कार्यालय ज्ञापन, अधिनियम, नियम, विनियम, योजना दिशानिर्देश, स्थानांतरण और पोस्टिंग आदेश अंग्रेजी और असमिया दोनों में जारी किए जाएंगे।

## दंपति ने नाबालिग बेटी को पांच लाख रुपए में बेचा, खरीदार ने किया दुष्कर्म

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कौशांबी (उप्र)/भाषा।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में एक दलित नाबालिग किशोरी को उसके ही मां–बाप ने एटा जनपद निवासी एक व्यक्ति को पांच लाख रुपए में बेच दिया और उस व्यक्ति ने किशोरी से दो दिनों तक दुष्कर्म किया।

कौशांबी के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि करारी थाना क्षेत्र की एक दलित नाबालिग किशोरी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके माता–पिता ने उसे किसी व्यक्ति को पांच लाख में बेच दिया था।

जिले के करारी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी 13 वर्षीय दलित किशोरी ने करारी थाने में 13 अप्रैल, 2025 की शाम को दी गई तहरीर में बताया कि कमलेश पासी एटा जनपद के एक व्यक्ति को लेकर उसके घर आता था। पीड़िता ने बताया कि गत 14 मार्च को भी कमलेश पासी एटा के उस व्यक्ति को लेकर उसके घर आया था। तहरीर के मुताबिक, 14 मार्च को शाम करीब 7:00 बजे किशोरी के माता–पिता ने उसे खाना खिलाया जिसके बाद उसे नींद और चक्कर आने लगे और जब नींद खुली तो किशोरी एटा जनपद के निवासी उस व्यक्ति के घर पर थी। किशोरी ने उस व्यक्ति से पूछा कि वह यहां कैसे आ गई, तो उस व्यक्ति ने कहा, ''मैंने तुम्हारे मां–बाप को पांच लाख देकर तुम्हें खरीदा है।'' किशोरी ने वहां से भागने की कोशिश की तो उस व्यक्ति ने उसे बंधक बना लिया और उससे दो दिनों तक जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। लेकिन किशोरी 16 मार्च को मौका पाकर रात तीन बजे दीवार फांदकर भाग निकली और किसी तरह अलीगंज स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर कौशांबी जनपद के भरवारी रेलवे स्टेशन पर उतरी।

घर पहुंचने पर उसके मां–बाप ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और कहा कि उस व्यक्ति के पास लौट जाओ क्योंकि उन्होंने उससे पांच लाख रुपए लिए हैं। इसके बाद मारपीट कर किशोरी को घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी फूफा के घर गई और उन्हें सारी बात बताई। अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर करारी थाना में पीड़िता के माता–पिता, एटा निवासी उस व्यक्ति और करारी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति सहित चार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया है। पीड़िता का बयान दर्ज कराया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कमलेश चंद ने बताया कि नाबालिग को बेचने के मामले की जांच बाल कल्याण समिति ने भी शुरू कर दी है।

## नीतीश कुमार ही होंगे बिहार विस चुनाव में राजग के मुख्यमंत्री पद का चेहराः जदयू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने मंगलवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे।

एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह कहकर बिहार में राजनीतिक हलचल मचा दी थी कि भाजपा नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी चुनाव में जीत दिलाएंगे। सैनी के बयान का हवाला देते हुए विपक्ष ने सहयोगी दलों के साथ बर्ताव को लेकर भाजपा पर निशाना साधना शुरू कर दिया। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने हरियाणा के नेता की टिप्पणी को खारिज कर दिया और कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के सामने कोई संकट नहीं है।

सैनी ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि चुनावों में भाजपा की विजय यात्रा जारी रहेगी और बिहार में यह चौधरी के नेतृत्व में हासिल होगी।

प्रसाद ने कहा, ''बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में होंगे और वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का चेहरा होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग सरकार का नेतृत्व करेंगे, जो निश्चित ही चुनाव के बाद 2030 तक पूर्ण कार्यकाल के लिए बनेगी।'' उन्होंने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अतीत में इसी तरह की बातें कही हैं। उन्होंने यह दावा करते हुए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष किया कि यह बिहार में भी बिखरने वाला है, जैसा कि कई अन्य राज्यों में हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) तेजस्वी यादव को अपने मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर चुका है, जबकि कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने हाल में कहा था कि बिहार में उनके गठबंधन के नेता पर निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। प्रसाद ने दावा किया कि यादव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ अपनी बैठक से खाली हाथ लौटे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार चुनाव में राजग अपनी अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करेगी। बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है।



### शाह ने कहा है 'पापा' मुख्यमंत्री बने रहेंगेः नीतीश के पुत्र निशांत



**पटना/भाषा।** जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार के पुत्र निशांत ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भी कुमार राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

सैतालीस–वर्षीय निशांत ने यहां अपने एक रिश्तेदार की सगाई समारोह में पत्रकारों से बातचीत की। इस समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। जब निशांत का ध्यान विपक्ष के इस दावे की ओर आकृष्ट किया गया कि विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उनके पिता को हटा सकती है, क्योंकि वह (भाजपा) जद(यू) प्रमुख कुमार (74) के सहयोगी की भूमिका निभाकर अब उकता चुकी है, तो निशांत ने आश्चर्य व्यक्त किया। निशांत ने कहा, ''चुनावों में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) की जीत के बाद मेरे पिता के मुख्यमंत्री बने रहने को लेकर कोई संदेह नहीं है। अमित शाह 'अंकल' ने हाल ही में बिहार के दौरे के दौरान ऐसा कहा था। सम्राट चौधरी (उपमुख्यमंत्री) ने भी यही कहा है।''

सुविचार

अपना दिल, दिमाग और आत्मा अपने छोटे से छोटे काम में भी लगा दो। यही सफलता का रहस्य है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नशे की लत, बुद्धि भ्रष्ट

मध्य प्रदेश के नीमच जिले में जैन मुनियों पर हुआ हमला एक सामाजिक चेतावनी है। लोग अपने कल्याण के लिए साधु-संतों के चरणों में बैठकर उपदेश सुनते हैं, अपनी बुराइयों का त्याग करते हैं, लेकिन नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में कुछ लोग शराब पीने के लिए जैन मुनियों से ही रुपए मांगने लगे! उन्होंने उन पर लाठी और धारदार हथियारों से हमला किया! हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है? ऐसी घटनाएं किसी के साथ नहीं होनी चाहिएं। खासकर साधु-संतों, जिनके प्रति भारतीय समाज सदैव सम्मान की भावना रखता आया है, पर हमला होना अत्यंत निंदनीय है। मध्य प्रदेश पुलिस ने हमले के आरोपियों को पकड़ने में तेजी दिखाई और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए ऐसी मानसिकता रखने वालों को कठोर संदेश दिया है। नशे की लत मनुष्य की बुद्धि भ्रष्ट कर देती है, विवेक को खत्म कर देती है। अगर ये (आरोपी) शराब की लत से मुक्ति पाने के लिए जैन संतों की शरण में जाते और उनके उपदेशों को जीवन में उतारते तो इनका उद्धार हो सकता था। इन्होंने जो अपराध किया, उसके लिए कठोर दंड मिलना चाहिए। प्राचीन काल में साधु-संतों को सताने वालों, उनका अनादर करने वालों, तपस्या एवं यज्ञ आदि में विघ्न डालने वालों को प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण ने कठोर दंड दिया था। नीमच की घटना ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। शराब जैसी बुराई उन्हें तेजी से पतन की ओर लेकर जा रही है। जिन्हें शराब की लत लग जाती है, वे घर या बाहर, हंगामा करते ही हैं।

याद करें, कोरोना काल में जब शराब की दुकानों को खोलने की इजाजत दी गई, तो सोशल मीडिया पर मारपीट के कई वीडियो आने लगे थे। कई शराबियों ने कोरोना संबंधी नियमों का उल्लंघन करते हुए गली-मोहल्लों में खूब हुड़दंग मचाया था। ऐसी घटनाएं गंभीर सामाजिक समस्या की ओर संकेत करती हैं। इन्हें सिर्फ इस आधार पर नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए कि संबंधित राज्य में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध नहीं है। शराब के नशे में डूबे मनुष्य का इतना नैतिक पतन हो सकता है कि वह मंदिर में विश्राम करने के लिए रुके साधु-संतों पर हमला करने से नहीं हिचकता। इन लोगों का अपने घरों में कैसा बर्ताव रहा होगा? जो बाहर मारपीट कर सकते हैं, क्या वे घरों में किसी पर हाथ नहीं उठाते होंगे? जो नशे के लिए साधु-संतों से रुपए मांगने में लज्जा महसूस नहीं करते, क्या वे धन प्राप्ति के लिए अनैतिक तरीके नहीं अपनाते होंगे? जो मंदिर जैसे पवित्र स्थान की मर्यादा का उल्लंघन कर सकते हैं, क्या वे अन्य स्थानों पर मर्यादा का पालन करते होंगे? शराब की एक बोतल कितनी बुराइयां पैदा कर देती है! सरकार को इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए। अगर तुरंत ऐसा संभव न हो तो इसके उपयोग को सख्ती से नियंत्रित करते हुए प्रतिबंध की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। हमारे गांवों-शहरों में पुस्तकालय आसानी से नहीं मिलते। योगाभ्यास एवं ध्यान केंद्र ढूंढ़ने के लिए चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। युवाओं को सही राह दिखाने के लिए नि:शुल्क परामर्श केंद्र तो शायद ही कहीं देखने को मिलें। हां, शराब के ठेके आसानी से मिल जाते हैं। उन पर खूब भीड़ उमड़ती है। कुछ 'तेजस्वी' लोग ऐसे सुझाव देते हैं कि साबुन, तेल, सब्जी आदि की तरह शराब की ऑनलाइन होम डिलिवरी शुरू होनी चाहिए। यानी जिन घरों में अब तक शराब नहीं पहुंची, वहां भी तुरंत पहुंचाने का इंतज़ाम! क्या हम नशाखोरी को बढ़ावा देकर स्वस्थ और खुशहाल समाज बना पाएंगे? शराब की बोतलें मुंह को लगाकर कई लोग बर्बाद हो गए। यह बुराई जड़ से खत्म करने के लिए सरकार और समाज, दोनों को आगे आना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



अंतर्राष्ट्रीय लैब टेक्नीशियन दिवस के अवसर पर आज जयपुर में अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी लैब टेक्नीशियन कर्मचारियों को इस सुअवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

–दीया कुमारी



प्रकृति के उपहार से सजे, अनुपम आभामयी हिमाचल प्रदेश के सभी वासियों को हिमाचल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। श्रद्धा के केंद्र मंदिर, ऊँचे पहाड़, मनोरम घाटियों और प्राकृतिक समृद्धता से परिपूर्ण यह प्रदेश प्रगति के सोपान चढ़ें, यहाँ के लोग खुशहाल रहें।

–ओम बिरला



हमने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली स्कीम शुरू की है। अपने छत पर सोलर पैनल लगाकर आप अपना बिजली का बिल जीरो कर सकते हैं। इतना ही नहीं, जो अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होगा, उसे बेचकर कमाई भी कर सकते हैं।

–नरेन्द्र मोदी

प्रेरक प्रसंग

## सिक्के से सीख

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पार बसे गांव सोनपुर में कहीं से एक महात्मा आकर विराजे। वे अपने दो शिष्यों के साथ भिक्षाटन हेतु जा रहे थे, तभी राह में उन्हें एक कीमती सिक्का मिला। महात्मा ने वह सिक्का अपनी झोली में रख लिया। शिष्यों के मन में कौतूहल जागा 'वीतरागी संत का सिक्के से क्या काम?' गुरुजी उनके अंतर्मन की हलचल भांप गए। मुस्कराकर बोले, 'बच्चो! यह सिक्का मुझे प्रभु ने इसलिए दिया है, ताकि मैं इसे किसी सुपात्र को सौंप सकूं।' कई दिन बीत गए, पर महात्मा ने वह सिक्का किसी को नहीं दिया। तभी समाचार मिला कि सिंहगढ़ के राजा पड़ोसी राज्य पर चढ़ाई करने आ रहे हैं। महात्मा ने अपने शिष्यों से कहा, 'सोनपुर छोड़ने का समय आ गया है, चलो।' तभी राजा की सवारी वहां आ पहुंची। वह हाथी से उतरकर साधु को प्रणाम करते हुए बोला, 'महाराज! आपके दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया। कृपया मुझे आशीर्वाद दें।' महात्मा ने झोली से वह सिक्का निकाला और राजा को सौंपते हुए बोले, 'नृपति! तुम्हारा राज्य वैभव के शिखर पर हैधन है, सेना है, यश है और प्रजा में सुख-शांति भी है। फिर भी तुम दरिद्र हो, क्योंकि इतना सब कुछ होते हुए भी तुम्हारे मन में संतोष नहीं है।

सामयिक

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां संकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है।

वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है।

वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं।

मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वतः संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। ममता अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है? ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। ताजा हिंसक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर-कानूनी एवं राष्ट्र-विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं-- देश को नहीं।

बोध कथा

# सुनने की क्षमता का महत्व



एक साल जंगल में बिताने के बाद युवराज अपने राज्य को लौटना चाहता था, पर गुरु की बात को टाल भी नहीं सकता था, इसलिए वह बेमन ही जंगल की ओर बढ़ चला। कई दिन गुजर गए पर युवराज को कोई नई आवाज़ नहीं सुनाई दी। वह परेशान हो उठा। उसने निश्चय किया कि अब वह हर आवाज़ को बड़े ध्यान से सुनेगा। फिर एक सुबह उसे कुछ अनजानी सी आवाजें हल्की- हल्की सुनाई देने लगीं। इस घटना के कुछ दिनों बाद वह गुरु के पास वापस लौटा और बोला- पहले तो मुझे वही ध्वनियां सुनाई दीं जो पहले देती थीं, लेकिन एक दिन जब मैंने बहुत ध्यान से सुनना शुरू किया तो मुझे वो सुनाई देने लगा जो पहले कभी नहीं सुनाई दिया था। मुझे कलियों के खिलने की आवाज सुनाई देने लगी। मुझे धरती पर पड़ती सूर्य की किरणों, तितलियों के गीत और घांस द्वारा सुबह की ओस पीने की ध्वनियां सुनाएं देने लगीं। यह सुनकर गुरुजी खुश हो गए और मुस्कुराकर बोले- अनसुने को सुनने की क्षमता होना एक अच्छे राजा की निशानी है। क्योंकि जब कोई शासक अपने लोगों के दिल की बात सुनना सीख लेता है। बिना उनके बोले, उनकी भावनाओं को समझ लेता है, जो दर्द बयां न किया गया हो उसे समझ लेता है, अपने लोगों की अनकही शिकायतों को सुन लेता है, केवल वही अपनी प्रजा का विश्वास जीत सकता है। कुछ गलत होने पर उसे समझ सकता है और अपने नागरिकों की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरी कर सकता है। अगर हमें अपनी फील्ड का लीडर बनना है तो हमें भी वो सुनना, सीखना चाहिए जो नहीं कहा गया है। यानी हमें उस युवराज की तरह बिलकुल अलर्ट होकर अपना काम करना चाहिए और अपने साथ काम करने वालों की ज़रूरतों और भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए। तभी हम खुद को एक ट्रू लीडर की तरह स्थापित कर सकेंगे।

नजरिया

# अंबेडकर के बहाने दलितों को रिझाने का सियासी प्रयास

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

भारत की सियासत में जाति विशेष के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। जातियों के कारण बहुत से नेता राजनीति में बलशाली बने हुए है। सभी पार्टियों में कमोवेश ऐसे नेता मिल जायेंगे जिनकी सियासत जाति से ही शुरू होकर वहीं जाकर थम जाती है। यहाँ हम दलित सियासत की बात कर रहे है। संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर सियासी पार्टियों ने उन्हें अपने अपने हिसाब से याद किया और उनके विचारों को अंगीकृत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर दलित एकता की गूँज भी देशभर में सुनाई दी गई। चूंकि इसी साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने है ऐसे में सियासी दलों को अंबेडकर की याद भी जोर शोर से आनी स्वाभाविक थी। बताते है जो पार्टी दलितों की अधिकतम सीटें प्राप्त करेगी वही राज करेगी। चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियां दलित वोटो को रिझाने में जुटी हैं। सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों धड़े दलितों पर डोरे डाल रहे हैं। राजनीतिक दलों ने अपने तरकश के तीरों को धार देनी शुरू कर दी है। जातीय वोटों को हासिल करने के लिए नए नए दांव और पैतरे आजमाए जा रहे है। बताया जाता है दलित वोट जिधर जाते है सत्ता की चाबी उसे ही मिलती है। दलित जिस दल की ओर जाएंगे, उसकी काफी हद तक राह आसान कर देंगे। इनकी संख्या को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने इनको अपने पाले में खींचने की कवायद तेज कर दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा सहित सभी सियासी पार्टियों ने दलित मतदाताओं को रिझाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अख्तियार करली है। दलित का मतलब पीड़ित, शोषित व्यक्ति से है। अनुसूचित जाति को दलित बताया जाता है। संवैधानिक भाषा में इन्हें अनुसूचित जाति कहां गया है। भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या में लगभग 16.6 प्रतिशत या 20.14 करोड़ आबादी दलितों की है।

देश के राजनीतिक हल्कों में अक्सर इस बात की जोरदार चर्चा होती रहती है की भाजपा को सत्ता सुख देने वाले दलित वोटर्स 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से विमुख क्यों हुए। लोकसभा चुनावों में दलितों ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। दलितों की बेरुखी ने भाजपा का 400 पार का नारा ध्वस्त कर दिया। उन्हें यह डर था सत्ता रहा था कि फिर मोदी सरकार बनी तो वह आरक्षण खत्म कर देगी। या यूँ कहे विपक्ष के बनाये भ्रम का दलित शिकार हो गए। चुनाव में विपक्ष ने संविधान खतरे में का मुद्दा जोर शोर से उठाया जिससे दलित मतदाता बिदक गए।



आजादी के बाद दलितों को चुनावी हथियार समझा गया। कांग्रेस पार्टी का इस वर्ग के वोटों पर एकाधिकार स्थापित हो गया। जगजीवन राम 1977 तक दलितों के एकछत्र नेता के रूप में स्थापित हुए। दरअसल 1977 के बाद दलित सियासत में एक नए युग की शुरुआत हुई। दलित वोट कांग्रेस से छिटक कर दूसरे दलों की तरफ जाने लगे। इंदिरा गाँधी ने एक बार फिर दलितों का विश्वास जीता। राजीव गाँधी को भी दलितों का हितचिंतक समझा गया। जनता पार्टी के विघटन के बाद दलित भी बिखर गए। महाराष्ट्र के कुछ नेताओं ने दलित सियासत की कमान सँभालने का प्रयास किया मगर सफल नहीं हुए। जगजीवन राम के बाद कांशीराम दलितों के बड़े नेता के रूप में उभरे और कुछ हद तक यूपी के दलितों के एक बड़े तबके ने उन्हें अपने रहनुमा के रूप में स्वीकारा। शुरू में उन्होंने सवर्णों के विरुद्ध आग उगली मगर जल्दी ही उन्हें समझ में आ गया की ऊँची जातियों से गठजोड़ किये बिना दलितों का भला नहीं होगा। मुलायम सिंह से गठजोड़ कर कांशीराम ने दलित सियासत को धार दी जिसके फलस्वरूप यूपी की राजनीति में उन्हें पैर जमाने में सफलता मिली। बाद के दिनों में मायावती को साथ लेकर कांशीराम ने स्वर्ण जातियों से गठजोड़ कर दलित सियासत को शिखर पर पहुँचाया।

इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने दलित वोटों को अपनी झोली में डाल कर दलित वोटों पर अपनी पकड़ मजबूत की। मायावती से यूपी का ताज छीनने के बाद भाजपा ने दलितों में अपना आधार बढ़ाया। दलित वोटों का कांग्रेस से मोह भंग होने से यह पार्टी सत्ताविहीन हो गयी। मायावती का जनाधार खिसकने से दलितों के पास शक्तिशाली नेतृत्व नहीं रहा। दलित नेतृत्व भाजपा ने हथिया लिया। मगर भाजपा को सबसे बड़ा झटका हालिया लोकसभा चुनावों में तब मिला जब दलितों के एकमुश्त वोट भाजपा से छिटक गए फलस्वरूप भाजपा अकेले दम पर बहुमत से पिछड़ गई।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रतियोगिता



पटना में गंगा नदी पर दीघा घाट पर एडवेंचर सेलर प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी हिंदू देवताओं की वेशभूषा में सजे श्रद्धालु।

# मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना को बताया 'बड़ी बहन'

शिमला/भाषा। हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपनी धुर विरोधी कंगना रनौत को 'बड़ी बहन' करार दिया। उन्होंने मंडी से लोकसभा सदस्य कंगना को विकास कार्यों के लिए केंद्रीय निधि लाने को कहा और उन्हें राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

पीडब्ल्यूडी और शहरी विकास मंत्री सिंह ने मंगलवार को कुल्लू में हिमाचल दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह से इतर संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा सांसद के लिए कहा, ''हम उनका सम्मान करते हैं। वह बड़ी बहन की तरह हैं।'' उन्होंने कहा, अब कंगना एक सांसद हैं और उन्हें केंद्र व सांसद निधि से धन प्राप्त करना चाहिए। हम उनके साथ खड़े हैं और इसमें कोई राजनीति नहीं है।

मंत्री ने कहा, उन्हें (कंगना को) हिमाचल प्रदेश में योगदान देना चाहिए। हम उनके साथ खड़े हैं और प्रशासन पूरी तरह से उनका समर्थन करेगा। सिंह और कंगना के बीच अतीत में कई बार जुबानी जंग देखने को मिली है, खासकर पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनावों के दौरान, जब दोनों मंडी सीट पर आमने-सामने थे।

सिंह ने कंगना रनौत को 'विवादों की रानी' करार दिया था, जबकि भाजपा सांसद (कंगना) ने राज्य सरकार में मंत्री को अप्रत्यक्ष रूप से 'छोटा पप्पू' कहा था।

# भारत-तंजानिया संबंधों को नई दिशा देने की तैयारी, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर

नई दिल्ली/भाषा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तंजानिया के रक्षा और राष्ट्रीय सेवा मंत्री स्टरगोमेना लॉरेंस टैक्स से दार एस सलाम में मुलाकात कर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के नए उपायों पर चर्चा की। यह बैठक 14 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सेठ ने तंजानिया के उपराष्ट्रपति फिलिप इसडोर मपांगो से भी मुलाकात की।

बैठक के दौरान भारत और तंजानिया के बीच जारी रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई तथा उसे और मजबूत करने के संभावित नए क्षेत्रों पर चर्चा हुई। मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारतीय सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में तंजानिया के अधिकारियों का प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, आतंकवाद-निरोध और उग्रवाद-रोधी अभियानों में सहयोग तथा साइबर सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से बातचीत हुई। इससे पहले, 13 अप्रैल को सेठ और टैक्स ने भारतीय नौसेना की पहल पर अफ्रीका-भारत के बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के हार्बर फेज का उद्घाटन किया। यह अभ्यास दार एस सलाम में आईएनएस चेन्नई पर आयोजित किया गया जिसमें कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश भी भाग ले रहे हैं। सेठ ने अपने संबोधन में समुद्री सुरक्षा से जुड़े बड़े और साझा खतरों को रेखांकित करते हुए शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एकता और साझा उद्देश्य पर जोर दिया। द्विपक्षीय बैठक के अलावा, सेठ ने तंजानिया के उपराष्ट्रपति को भारतीय रक्षा उद्योग और रक्षा प्रदर्शनी से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने तंजानिया पीपुल्स डिफेंस फोर्स की रक्षा जरूरतों को पूरा करने का भी प्रस्ताव रखा।

मंत्रालय ने कहा, यह अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित बनाए रखने की साझेदार देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत-अफ्रीका संबंधों में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। संजय सेठ ने 14 अप्रैल को सनातन धर्म मंदिर और स्वामीनारायण मंदिर का दौरा भी किया। उन्होंने भारतीय समुदाय से मुलाकात की और अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए भारत की हालिया उपलब्धियों को साझा किया।

# मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद पंक्चर हो गई : केशव

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दशकों तक की गई अपनी मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के चलते दयनीय हालत में पहुंच गई है।

मौर्य ने मंगलवार को कटाक्ष करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राजनीति का इतिहास 'गवाह' है कि दशकों तक मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद 'पंक्चर' हो गई है।'' उन्होंने कहा, ''इस कड़वी सच्चाई के बावजूद वह (कांग्रेस) अभी भी ज़मीनी हक़ीक़त से कोसों दूर है। सच यह भी है कि क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर घिसटने के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।''

मौर्य ने कहा, ''इस सबके बावजूद उसमें अकड़ ऐसी है जैसे देश का भार उसी पर हो। विपक्ष में होने के बावजूद उसका व्यवहार सत्ता पक्ष जैसा है। लोकतंत्र के बजाय गांधी परिवार की छाया में 'राजशाही' में यकीन करने वाली कांग्रेस को संविधान की कभी फ़िक्र नहीं रही है।''



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में बस एक फर्क यह आया है कि अब वह गांधी जी के 'खादी' को तिलांजलि देकर 'टी-शर्ट' पर आ गई है।

मौर्य ने कहा, ''इसका प्रभाव भी जनता पर बेअसर है क्योंकि पांच बार सांसद बनने के बाद भी श्री राहुल गांधी का मतलब ही 'नामुमकिन' है। दूसरी तरफ यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मतलब ही 'मुमकिन' है। उनके नेतृत्व में भाजपा देश की 'तस्वीर' बदल रही है, जबकि कांग्रेस केवल मुस्लिम समाज को 'पंक्चर' वाला ही देखना चाहती है।''

सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर एक अलग हमले में मौर्य ने 'एक्स' पर कहा, 2027 में सपा की सफाई तय देखकर अखिलेश यादव जी पूरी तरह बौखला चुके हैं। अब समाज को बांटने और सामाजिक ताना-बाना तोड़ने वाले गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं और दिलवा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन सपा को इस नीति से अभी फायदा कम और नुकसान ज्यादा होगा। भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती रहेगी। बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती पर मिले ऐतिहासिक जनसमर्थन से सपा का हाजमा खराब हो चुका है।

मौर्य ने कहा, इनके फर्जी पीडीए का गुब्बारा भी फूट चुका है। कुछ का साथ, परिवार और गुंडो के विकास का फार्मूला ही सपा को 'समाप्तवादी पार्टी' बनाने के लिए पर्याप्त है। सपा और सैफई खानदान को गरीबों, पिछड़ों और दलितों का विकास कभी रास नहीं आएगा। भाजपा ही वर्तमान, भाजपा ही भविष्य। 2027 में 2017 दोहराएंगे। तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार।


# मुझे गर्व है कि मैं वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं : ईशा मालवीय

नई दिल्ली/एजेन्सी

फिल्म के साथ टेलीविजन और म्यूजिक वीडियो के लिए काम करने वाली अभिनेत्री ईशा मालवीय हर भूमिका को जुनून के साथ निभाती हैं। अभिनेत्री ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर कोई भी किरदार निभाने में उन्हें खुशी मिलती है। ईशा ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह वर्सेटाइल अभिनेत्री हैं। इस बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें काम के दौरान क्या मुश्किल लगता है, खुद से बिल्कुल अलग किरदार निभाना या अभिनेत्री से मिलता-जुलता किरदार निभाना, ईशा ने बताया, मुझे काम से एक अलग तरह की खुशी मिलती है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। मुझे गर्व महसूस होता है कि मैं एक वर्सेटाइल अभिनेत्री हूं, जो कोई भी भूमिका निभा सकती है। मालवीय ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, किसी भी किरदार को निभाते समय मेरे मन में कभी दूसरे विचार नहीं आए। मैं बस काम पर फोकस करती हूं। 21 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि इंडस्ट्री में उनसे बेहतर काम की अपेक्षाएं की जाती है। हालांकि, यह उनके लिए अच्छा है और वह इससे दबाव महसूस नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, मैं काम को लेकर खुद पर प्रेशर नहीं लेती क्योंकि मेरा मानना है कि हम सभी को खुश नहीं कर सकते। इसलिए दूसरों के सामने कुछ साबित करने के लिए काम करना मेरा तरीका



नहीं है। मैं अपने लिए काम करती हूं। मेरे लिए, एक स्पष्ट लक्ष्य होना बहुत जरूरी है। इसके बिना, कोई दिशा नहीं है। मैं हमेशा ध्यान में रखती हूं कि मैं क्या हासिल करना चाहती हूं, चाहे वह अगले 30 दिनों में हो, 30 महीनों में या फिर 30 सालों में। यही स्पष्टता मुझे आगे बढ़ने में मदद करती है। ईशा ने साल 2021 में टेलीविजन शो उड़ारियां से अभिनय की शुरुआत की थी, जिसमें उनके किरदार का नाम जैस्मीन रहता है। शो में उनके साथ अभिनेता अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी भी मुख्य भूमिकाओं में थे। इसके बाद ईशा को साल 2023 में सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन में देखा गया। अभिनेत्री 'पांव की जुत्ती' म्यूजिक वीडियो के साथ ही गौहर खान स्टारर शो 'लवली लोला' में भी काम कर चुकी हैं।



# नानी की फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

नेचुरल स्टार नानी की आने वाली फिल्म 'हिट: द थर्ड केस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी फिल्म 'हिट: द थर्ड केस' के ट्रेलर में नानी खूब एक्शन करते नजर आ रहे हैं। फिल्म 'हिट: द थर्ड केस' में नानी एक सख्त पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, जिसका नाम अर्जुन सरकार है। शुरुआत से ही ट्रेलर एक तेज़, थ्रिल से भरपूर माहौल सेट करता है, जहां नानी का किरदार अर्जुन सरकार सामने आता है। उसका एक ही उसूल है,एक अपराधी की दो ही मंज़िलें होती हैं। एक 10 फुट की जेल या 6 फुट की क़ब्र। कहानी शुरू होती है नौ महीने की बच्ची के अपहरण से। परेशान मां से जानकारी मिलने के बाद अर्जुन इस केस की कमान संभालता है और एक कड़वी सच्चाई से भरी अपराधी दुनिया में प्रवेश कर जाता है। न्याय की राह पर वो किसी भी हद तक जाने को तैयार है। इस फिल्म में नानी के साथ श्रीनिधि शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म इस साल एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण वॉल पोस्टर सिनेमा और यूनिनस प्रोडक्शंस ने किया है। एडवाइज मूवीज़ की ओर से हिंदी रिलीज़ को आदित्य भाटिया प्रस्तुत कर रहे हैं, और जय विराट्रा एंटरटेनमेंट लिमिटेड द्वारा हिंदी वितरण किया जा रहा है।



# सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात में पाया गया, निकला मानसिक रोगी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तालुका का निवासी निकला है। पुलिस के अनुसार धमकी देने वाला शख्स मानसिक रोगी है और उसे पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने संदेश भेजने वाले शख्स को वडोदरा से खोज निकाला है। पुलिस ने बताया कि वडोदरा के वाघोडिया तालुका के एक गांव के निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का नाम मयंक पांड्या है, जो मानसिक रोगी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई, जिसमें अज्ञात शख्स ने अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात कही थी। अभिनेता को धमकी मिलने के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और अभिनेता के गैलेक्सी अपार्टमेंट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

वडोदरा जिला पुलिस एसपी रोहन आनंद ने बताया, तकनीकी खुफिया जानकारी का इस्तेमाल करते हुए हमने मयंक पांड्या को उसके घर से ट्रैक किया। चूंकि वह मानसिक बीमारी का इलाज करा रहा है, इसलिए हमने उसे नोटिस भेजा है और जांच में शामिल होने को कहा है।

हमने मयंक पांड्या के मोबाइल फोन और व्यवहार पर नजर रखी तो जांच में पाया कि वह मानसिक रूप से बहुत स्वस्थ नहीं है और उपचार करवा रहा है। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहता है और लोकप्रियता पाने की उसकी चाह है। इसके लिए उसने यह काम किया। मुंबई पुलिस ने पूछताछ के लिए समन भेज दिया है। गौरतलब है कि सलमान खान को पहले भी कई बार धमकी मिल चुकी है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया था कि उनकी हिट लिस्ट में सलमान खान भी थे। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े शूटर्स मुंबई में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर कई बार रेकी कर चुके थे। हालांकि, कड़ी सुरक्षा की वजह से वे अपने मकसद में नाकाम रहे। पिछले साल अप्रैल में सलमान खान के घर 5 राउंड फायरिंग की गई थी, जिसके कुछ महीने बाद सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या भी कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सलमान खान को जान से मारना है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने पिछले साल 12 नवंबर को सलमान खान को धमकी भरे मैसेज भेजने के आरोप में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को कर्नाटक से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि आरोपी का नाम सोहेल पाशा है। पिछले साल सलमान खान के घर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सलमान खान की उस बालकनी पर खास तौर पर बुलेट प्रूफ ग्लास लगाया गया, जहां से वह अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते हैं। गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भी हाई सिक्योरिटी तैनात की गई है।

मुलाकात



अभिनेता अक्षय कुमार ने मंगलवार को नई दिल्ली में दिल्ली सचिवालय में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के मंत्रियों मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और आशीष सूद से मुलाकात की।



# गोपीचंद मलिनेनी के साथ 'हार्ट ऑफ जाट लैंड' पहुंचे रणदीप हुड्डा

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा हाल ही में अपनी फिल्म जाट के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के साथ रोहतक स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचे। रणदीप हुड्डा इन दिनों फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चा में हैं। गोपीचंद मलिनेनी निर्देशित फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में रणदीप ने खलनायक राणातुंगा का किरदार निभाया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म जाट चार दिनों में भारतीय बाजार में 40 करोड़ की कमाई कर चुकी है। इस बीच रणदीप निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के साथ वैशाखी के अवसर पर रोहतक स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचे, जिसे उन्होंने 'हार्ट ऑफ जाट लैंड' बताया। रणदीप हुड्डा चंडीगढ़ के एक स्थानीय सिनेमाघर में भी अचानक से पहुंचे और प्रशंसकों को चौंका दिया। रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस पर मैं अपने रोहतक स्थित पैतृक गांव 'हार्ट ऑफ जाट लैण्ड' पहुंचा। मेरे साथ मेरे भाई, निर्देशक गोपीचंद भी इस सफर में शामिल हुए। हमने अपने काका के घर पर बना स्वादिष्ट हरियाणवी भोजन और चूरमा खाया। रणदीप ने कहा, यहां सिनेमाघरों में 'जाट' देखने के लिए भरे सिनेमाघरों को देखने से बेहतर और क्या हो सकता है! जहां दर्शक सीटी और ताली के साथ ढेर सारा प्यार बरसा रहे हों। फिल्म जाट में सनी देओल, रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा अहम भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण मायथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी के सहयोग से किया गया है।

# सेलिना ने सौरव गांगुली से कहा, 'फिर जन्म हुआ तो भीमराव अंबेडकर बनना चाहूंगी'

मुंबई/एजेन्सी



संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अभिनेत्री सेलिना जेटली ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सेलिना ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वह पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली के एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहती नजर आईं फिर जन्म हुआ तो भीमराव अंबेडकर बनना चाहूंगी। सोमवार को भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती है। इंस्टाग्राम पर मिस इंडिया यूनिवर्स से जुड़े एक वीडियो को शेयर करते हुए सेलिना ने बताया कि उनसे कौन से प्रश्न पूछे गए थे और उन्होंने क्या जवाब दिया था। इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए सेलिना ने कैप्शन में लिखा, आज अंबेडकर जयंती है। भीमराव रामजी अंबेडकर (14 अप्रैल 1891 – 6 दिसंबर 1956) की विरासत को याद करते हुए मेरे दिवंगत फौजी पिता और माता ने मुझे डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जन्मभूमि से जुड़ी प्रेम की विरासत का तोहफा देते हुए एमएचओडब्ल्यू (मध्य प्रदेश में स्थित डॉ. अंबेडकर नगर) को अपने घर के रूप में चुना था। उनके जरिए मैं एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा से जुड़ सकी, जिसने देश और मुझे दोनों को बदल दिया...। वहीं, वीडियो में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को सेलिना से यह सवाल पूछते हुए देखा जा सकता है, यदि आप दोबारा जन्म लें, तो आप किस रूप में जन्म लेना चाहेंगी और क्यों? इस पर जेटली जवाब देती नजर आईं, मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जन्म लेना चाहूंगी, जिसकी मैं बहुत प्रशंसा करती हूं और वह कोई और नहीं, बल्कि डॉ. भीमराव अंबेडकर हैं। मैं आपको बता दूं कि ऐसा क्यों है, क्योंकि मैं उनके ज्ञान, उनके दर्शन, उनके सामाजिक सुधारों और भारत की जाति व्यवस्था को खत्म करने तथा भारत का संविधान लिखने वाले व्यक्ति बनने के लिए उनकी प्रशंसा करती हूं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जाति, भाषा, प्रांत और संप्रदायों का भेदभाव इतना जहरीला होता है कि वह न्याय, नीति, मानवता और कर्तव्य का बोध कभी नहीं होने देता। इनके बलबूते पर अयोग्य भी सत्ता की योग्यता प्राप्त कर लेते हैं। नीति शास्त्र कहता है कि अयोग्य के पास आई हुई सत्ता, सामर्थ्य और शक्ति सदैव लोगों के शोषण तथा उत्पीड़न का ही काम करती है। कमोबेश हम अपने देश के अनेक प्रांतों में और विश्व के अनेक देशों में यही स्थिति देख रहे हैं। यह कलयुग की करुण दर्दनाक कथा है।

# चेन्नई में ट्रेंडिंग फैशन ब्रांड लेकर आई हाई लाइफ प्रदर्शनी

## स्टाइल और शान का शानदार मंच हाई लाइफ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई के तेनामपेट स्थित हयात रिजेंसी में मंगलवार को हाई लाइफ प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन हुआ। इस दो दिवसीय फैशन और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का शुभारंभ एबी डोमिनिक, मिसेज इंडिया ग्लोबल नॉर्थ 2023 प्रियंका साबू, वीआईपी हाउसिंग एंड प्रॉपर्टीज की निदेशक अर्चना किशोर और मशहूर अभिनेत्री व स्टाइल आइकन डॉ. दिव्या कृष्णन ने किया।

यह प्रदर्शनी 16 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेगी। इसने एक बार फिर चेन्नई में फैशन और लग्जरी का अनूठा संगम पेश किया है। इस बार 100 से ज्यादा प्रमुख और उभरते हुए डिजाइनर व लाइफस्टाइल ब्रांड अपने लेटेस्ट समर कलेक्शन प्रदर्शित कर रहे हैं। इसमें डिजाइनर और एथनिक परिधान, शानदार आभूषण, लग्जरी एक्सेसरीज, क्यूरेटेड होम डेकोर, फर्निशिंग कॉन्सेप्ट, गिफ्टिंग आइडियाज, कलाकृतियां और अवांत-गार्डे कला शामिल हैं। यह प्रदर्शनी हर उस शख्स के लिए एक सुनहरा मौका है, जो अपने स्टाइल को नया आयाम देना चाहता है।

उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रियंका साबू और अर्चना किशोर ने अपनी मौजूदगी से आयोजन को और खास बना दिया। वहीं, डॉ. दिव्या कृष्णन ने इसमें चार चांद लगा दिए। इस मौके पर चेन्नई के फैशनप्रेमी, सेलिब्रिटी और सोशलाइट्स की मौजूदगी ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। हाई लाइफ के एमडी एवं सीईओ एबी डोमिनिक ने कहा, 'चेन्नई के साथ हमारा हमेशा से खास जुड़ाव रहा है। इस बार हम पूरे भारत से ट्रेंडसेटिंग डिजाइनर वेयर, आभूषण, वेडिंग फैशन, एक्सेसरीज, लग्जरी होम डेकोर और कला का अनूठा कलेक्शन लेकर आए हैं। यह प्रदर्शनी स्टाइल और शान को एक साथ महसूस करने का शानदार मंच है।'

यहां पारंपरिक परिधानों से लेकर फ्यूजन स्टाइल तक, हर किसी के लिए कुछ खास है। दुल्हन बनने वाली युवतियों के लिए ब्राइडल कॉउचर और आकर्षक स्टेटमेंट ज्वेलरी इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण हैं। आप अपनी वार्डरोब को नए रंग देना चाहते हों या घर को सजाने के लिए कुछ अनोखा तलाश रहे हों, हाई लाइफ आपके लिए बहुत कुछ लेकर आई है। हाई लाइफ चेन्नई न केवल फैशन का जश्न है, बल्कि यह स्टाइल, परंपरा और आधुनिकता का एक शानदार मेल है। यह प्रदर्शनी हर उस व्यक्ति को आमंत्रित करती है, जो अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहता है।




# डॉ. धींग ने किया अशोक मोदी की पुस्तक का विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। लेखक व स्वाध्यायी अशोक विजयराज मोदी द्वारा लिखित व संकलित पुस्तक 'ताना बाना' का विमोचन साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने हाल ही एसपीआर सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में किया।

मिंट स्ट्रीट स्थित जैन आराधना भवन के पूर्व व्यवस्थापक मोदी की इस सचित्र पुस्तक के बारे में डॉ. धींग ने कहा कि हिंदी के विकास में धार्मिक साहित्य का भी बहुत बड़ा योगदान है। कवि डॉ. धींग ने बताया कि 'ताना बाना' में गद्य-पद्य में विभिन्न प्रकार की प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सामग्री हैं। श्री चंद्रप्रभु नया मंदिर, परमात्मा की भक्ति, आचार्य हीरविजय सूरि, वर्तमान युग के आनंदघन कलापूर्णसूरि, तोल-मोल के बोल, संयुक्त परिवार, जल संयम आदि अनेक विषयों पर पठनीय और उपयोगी लेख हैं। कुछ लेख कुछ विशेष रोचक जानकारियां भी देते हैं। श्री जैन गुरुकुल अंबत्तूर की निदेशिका विजया कोटेचा ने मोदी का परिचय दिया।

कार्यक्रम में चन्द्रप्रभु जैन कॉलेज के नेमीचंद कटारिया, तमिलनाडु जैन महामंडल के राजेन्द्र दुगड़, शांतिलाल जैन, पारस जैन, मुकेश शाह, रेखा मोदी, मिरुल, संकेत व राहुल मोदी के अतिरिक्त श्री चन्द्रप्रभु जैन नया मंदिर ट्रस्ट एवं केशरवाड़ी जैन तीर्थ (पूळल) के पदाधिकारी उपस्थित थे। मनीषा बोथरा ने संचालन किया।



# स्थानकवासी जैन महासंघ के पदाधिकारियों ने साध्वीद्वय के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्वेतांबर स्थानकवासी जैन महासंघ बेंगलूरु के अध्यक्ष डा.भीकमचंद सकलेचा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कम्मनहल्ली स्थानक में विराजित साध्वीश्री आगमश्रीजी एवं धैर्यश्रीजी के दर्शन कर स्वास्थ्य की सुख साता पूछी। महासंघ के महामंत्री अभयकुमार बांठिया ने धैर्यश्रीजी के जैन यूनिवर्सिटी से जैनलॉजी में पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। ज्ञातव्य है कि साध्वीश्री धैर्यश्रीजी जैनालॉजी में एमए की पढ़ाई कर ही हैं। वे पांडुलिपि और अन्य धर्म पर शोध विषय के अलावा भक्तामर स्तोत्र की महिमा पर भी निबंध लिख रही हैं। महासंघ के कोषाध्यक्ष हस्तीमल बाफना ने बताया कि साध्वीद्वय उदयनगर में ओली संपन्न कराकर कम्मनहल्ली आई हैं, आगामी जून माह में उनकी परीक्षा है जिसकी वे तैयारी कर रही है। अध्यक्ष भीकमचंद सकलेचा ने परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। कम्मनहल्ली संघ के अध्यक्ष विजयराज चुतर एवं कोषाध्यक्ष सुधीर सिंघवी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।



# व्यावहारिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास होना भी जरूरी: साध्वीश्री संयमलता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ सभा गांधीनगर के तत्वावधान में साध्वीश्री संयमलताजी के सान्निध्य में इंदिरानगर स्थित भूपेंद्र मुथा के निवास पर श्रावक संगोष्ठी का आयोजन रखा गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए साध्वीश्री संयमलताजी ने कहा कि तेरापंथ जैसा महान धर्मसंघ हमें मिला है। आचार्यश्री महाश्रमणजी समय समय पर हम सभी को अनेकों आध्यात्मिक प्रेरणाएं प्रदान करते हैं। हमें उनका अनुसरण करना चाहिए।

साध्वीश्री ने कहा कि व्यावहारिक जीवन के साथ हमारा आध्यात्मिक विकास होता रहे इस दृष्टि में भी जागरूकता रखनी है। साध्वी मार्धवश्रीजी ने कहा कि आधुनिकता एवं वैज्ञानिकता के इस युग में आध्यात्मिकता का समावेश ही पूर्ण विकास दे सकता है। भीतर की शांति ही आनंद की अनुभूति करवा सकती है। उन्होंने अनेकों उदाहरणों तथा रोचक तथ्यों के आधार पर प्रेरणा दी। साध्वीश्री मनीषाश्रीजी एवं रौनक प्रभाजी ने गीतिका का संगान किया ।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बहादुर सेठिया ने मधुर गीतिका के साथ प्रेरणात्मक भाव रखे।

तेरापंथ सभा गांधीनगर के मंत्री विनोद छाजेड़ ने कहा कि साध्वीश्री क्षेत्रों की अच्छी सार सम्भाल के साथ धर्म प्रभावना करवा रही हैं। सभा के उपाध्यक्ष विनय बैद ने आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों, श्रावक श्राविकाओं का उत्साह बढ़ाया। वरिष्ठ श्रावक भूपेंद्र मुथा ने साध्वीश्रीजी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।इस अवसर पर यशवंतपुर, राजाजीनगर, मागडी रोड, विजयनगर, हनुमंतनगर, चामराजपेट, जीवनहल्ली, डमलूर, शांतिनगर, श्रीरामपुरम, कोल्स पार्क आदि अनेक क्षेत्रों से श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे। संदीप मुथा ने स्वागत किया। संचालन नवनीत मुथा ने किया और राजेन्द्र बैद ने धन्यवाद दिया।

## अंबेडकर जयंती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी में 14 अप्रैल को डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। संस्थान के प्रमुख सुनील पालीवाल आईएएस; उपाध्यक्ष एस. विश्वनाथन आईएएस; और चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी के विभागाध्यक्षों ने एंकर गेट बिल्डिंग में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के चित्र और प्रतिमा तथा बंदरगाह के अंदर सेंटर बर्थ पर डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में चेन्नई पोर्ट अथॉरिटी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और एसोसिएशन भी शामिल हुए।

## स्क्रीनिंग



दल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अभिनेता अक्षय कुमार, आर. माधवन और अन्य लोग मंगलवार को नई दिल्ली में फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' की स्क्रीनिंग में शामिल हुए।




# हनुमान जयंती का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां श्री चतु: सम्प्रदाय वैष्णव समाज द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से गुजराती समाज में मनाया गया।

12 अप्रैल को शाम 4 बजे से सुंदरकांड का पाठ जयश्री राम सुंदरकांड भक्त मंडली कोयंबटूर द्वारा किया गया। हनुमान भक्त बड़े आनंदित हो गए नाचते झूमते सुंदरकांड पाठ को श्रद्धा के साथ पूरा किया। रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया जो अल्ल सुबह तक चला। भजन कलाकार मरुधर से राजेश्वर वैष्णव और पारस वैष्णव द्वारा जबरदस्त प्रस्तुति दी गई।

दूसरे दिन बाहर से आए सभी मेहमानों का सम्मान किया या। समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रतनदास वैष्णव, उपाध्यक्ष हस्तीमल वैष्णव, कोषाध्यक्ष बुल्लाराम वैष्णव, सचिव महावीर वैष्णव, सह सचिव केवल दास वैष्णव, लक्ष्मण दास, कमलकिशोर, दिनेश दास, मांगीलाल, वैष्णव कैलाश दास द्वारा सभी हनुमान भक्तों का अभार प्रकट किया गया।



# बच्चों की जीवनशैली में बदलाव लाएगा ग्रीष्मकालीन शिविर : ब्रह्माकुमारी दानेश्वरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चामराजनगर। अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शहर के प्रकाश भवन में आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर के उद्घाटन के मौके पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दानेश्वरीजी ने कहा कि गर्मी की छुट्टियां बच्चों के लिए तरोताजा महसूस करने का एक मंच होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टियां बच्चों की मानसिक शक्ति, बुद्धिमत्ता और सीखने में रुचि बढ़ाने का एक शानदार तरीका है। ईश्वर की सृष्टि में सबसे सुन्दर फूल बच्चे हैं। बच्चों का जीवन बहुत सुन्दर है। बच्चे भगवान के समान होते हैं, उनका मन बहुत शुद्ध और निष्कलंक होता है। हर बच्चे में प्रतिभा होती है। प्रतिभा एक अमूल्य खजाना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा को एक मंच की जरूरत है, तभी वह आगे आ सकती है। इस मौके पर उपस्थित पर्यावरणविद् सीएम वेंकटेश ने कहा कि जहां भी बच्चे इकट्ठा होते हैं, वहां पेड़-पौधे लगाना मेरा शौक है। पेड़-पौधे उगाएं, पारिस्थितिकी तंत्र बचाएं, यही सबका आदर्श वाक्य होना चाहिए।

जिला पंचायत के जिला प्रशिक्षण समन्वयक टीजे सुरेश ने कहा कि चूंकि यह शिविर बच्चों को उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करने में मदद करता है, इसलिए बच्चों को इस शिविर में खुलकर अपनी छिपी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास करना चाहिए। ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के नवोदित मन को फूलों की तरह खिलने में मदद करेगा। चूंकि आज के बच्चे कल के महान भारत के निर्माता हैं, इसलिए इससे बच्चों को नए विचार सीखने और उपलब्धियां हासिल करने में मदद मिलेगी।

## बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



झारखंड के मुख्यमंत्री और नवनिर्वाचित झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन, झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन, उपाध्यक्ष रूपी सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ मंगलवार को रांची के खेलगांव में मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ताना भगत इंडोर स्टेडियम में 13वीं कार्यकारी समिति की बैठक में भाग लेते हुए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.